तापमान
अधिकतम 32.1 डिग्री
न्यूनतम 25.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


जिला अस्पताल के वाटर कूलर में दो दिनों से पानी नहीं होने के कारण चौथी मंजिल के मरीज के परिजन को ग्राउंड फ्लोर से पानी ले जाना पड़ रहा है।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## एलएलएम व पीजी डिप्लोमा में प्रवेश

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में संचालित विधि संकाय पीजी डिप्लोमा इन लेबर लॉ तथा एलएलएम पाठ्यक्रम में आनलाइन प्रवेश की अनुमति दी गई थी, जिसका आखिरी दिन 30 सितंबर को है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा 25 सितंबर को यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में संचालित विधि संकायों में 30 सितंबर तक आनलाइन एडमिशन की अनुमति दी गई थी।

# सामूहिक नकल कराने के पहले बैठक ली, 9 पेपर गायब कर शिक्षकों से जवाब बनवाया, जांच रिपोर्ट डीपीआई को भेजी

**शासउमावि, करगीकला, विखं कोटा का मामला**

- प्राचार्य के साथ ही सहायक केंद्राध्यक्ष सहित स्कूल की लेक्चरर और स्टाफ दोषी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

शासउमावि, करगीकला, विखं कोटा, जिला बिलासपुर में बीते साल हायर सेकेंडरी की परीक्षा में सामूहिक नकल मामले में रिपोर्ट पेश हो गई है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्वाइंट डायरेक्टर ने शिक्षा संभाग ने सामूहिक नकल के लिए स्कूल की प्रिंसिपल व स्टाफ को जिम्मेदार माना है। इसके साथ ही जेडी ने सहायक केंद्राध्यक्ष सहित स्कूल की लेक्चरर और स्टाफ को इसमें शामिल करते हुए कार्रवाई की अनुशंसा के साथ डीपीआई को भी भेजा है। डीपीआई ने प्रभारी प्रिंसिपल को कारण बताओ नोटिस जारी कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

ध्यान रहे कि सभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर के द्वारा 18 मार्च 2025 को परीक्षा केन्द्र शास.उ.मा.वि., करगीकला, वि.खं. कोटा, जिला बिलासपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। केन्द्र में 12 वीं की रसायन शास्त्र, राजनीति शास्त्र व लेखा शास्त्र की परीक्षा हो रही थी। निरीक्षण के दौरान रसायन शास्त्र व लेखा शास्त्र तीन तीन प्रश्न



कम पाए गए। सहायक केन्द्राध्यक्ष प्रकाश राव मराठा इस बारे में सही जवाब नहीं दे सके। जांच के दौरान पाया गया कि यह पेपर वाणिज्य विषय की व्याख्याता संध्या अग्रवाल और लेखा शास्त्र के पेपर कुमारी श्यामली तिवारी, व्याख्याता को दिए गए हैं। दोनों शिक्षिकाओं के द्वारा बगल के कमरे में बैठकर 18 मार्च 2025 को होने वाली लेखाशास्त्र व रसायन शास्त्र की परीक्षा के उत्तर बनाए जा रहे थे।

### बैठक भी ली गई थी

जांच के दौरान व्याख्याता कु. श्यामली तिवारी ने अपने बयान में कहा कि बच्चों को सहयोग करने के लिए स्कूल में मीटिंग हुई थी। उसी के लिए पेपर के आंसर तैयार किए जा रहे थे। श्यामली तिवारी के पास जांच टीम ने तीन प्रश्न पत्र पाए। इसमें प्रबोध मोडल पेपर सेट-1 रसायन (सीजी) कक्षा -12 के 18 पन्ने प्रिंटेड वाले भी मिले। जांच में बात सामने आई कि सहायक केन्द्राध्यक्ष प्रकाश राव की जिम्मेदारी थी कि शेष बचे हुए प्रश्न-पत्र को सही तरीके से रखा जाए। जांच किए जाने पर दोनों शिक्षिकाओं के पास से पेपर के साथ ही लेखा शास्त्र एवं रसायन शास्त्र कक्षा 12वीं की कुछ पुस्तकें भी प्राप्त हुई। इसकी शिकायत डीपीआई से हुई। डीपीआई ने प्रिंसिपल पार्वती चेल्से को मामले में नोटिस भी जारी किया।

### इस तरह हुई पूरी गड़बड़ी

जांच रिपोर्ट पर ध्यान दें तो रसायन शास्त्र में कुल प्राप्त 45 पेपर में से 36 छात्रों को बांटे गए। शेष 9 में से 6 पेपर मिले बाकि तीन गायब थे। लेखा शास्त्र में 30 में 11 वितरित किए गए और पैकेट में 16 पेपर पाए गए, तीन पेपर कम थे। इसी तरह राजनीति विज्ञान में 75 में 66 वितरित किए गए एवं 9 पेपर शेष पाए गए। इसके साथ ही शिक्षकों के पास से 12 वीं का नवबोध परीक्षा सार, प्रबोध माडल पेपर, परीक्षा बोध लोक शास्त्र कक्षा, नवबोध लेखा शास्त्र (पुस्तपालन एवं लेखाकर्म) प्रबोध वर्ष 2005 एवं 11 पृष्ठ प्रश्न पत्र की फोटोकापी संध्या अग्रवाल द्वारा प्रिंटर से प्रिंट आउट किया गया।

### प्रिंसिपल को नोटिस दिया गया

सामूहिक नकल के लिए स्कूल की प्रिंसिपल व स्टाफ को जिम्मेदार माना गया है। इसके साथ ही सहायक केंद्राध्यक्ष सहति स्कूल की लेक्चरर और स्टाफ को इसमें शामिल करते हुए कार्रवाई की अनुशंसा के साथ डीपीआई को भी भेजा गया है। डीपीआई की ओर से प्रभारी प्रिंसिपल को नोटिस जारी करने की जानकारी मिली है।

- **आरपी आदित्य,** ज्वाइंट डायरेक्टर, शिक्षा विभाग

# व्यापारी को लोन दिलाने का झांसा देकर 73 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी क्षेत्र के एक मेडिकल व्यवसायी से जालसाजों ने 70 लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा देकर 73 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सकरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नेचर सिटी सकरी निवासी मेडिकल व्यवसायी राजेश पांडेय को 12 फरवरी की दोपहर एक अनजान नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को एक निजी फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी जिग्नेश त्रिवेदी बताया। उसने व्यापारी को भरोसा दिलाया कि प्रधानमंत्री समृद्धि योजना के तहत उन्हें 50 लाख का लोन मिल सकता है। जिग्नेश ने लोन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए व्यापारी से आवश्यक दस्तावेज मांगे। व्यापारी ने दस्तावेज व्हाट्सएप पर भेज दिए। इसके बाद आरोपी ने बताया कि उन्हें 70 लाख रुपये का लोन स्वीकृत हो सकता है और योजना के तहत 30 प्रतिशत छूट भी मिलेगी। प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर 14 फरवरी को 19 हजार 900 रुपये और फिर 16 फरवरी को लोन इंश्योरेंस के नाम पर 35 हजार 700 रुपये ऑनलाइन जमा कराने को कहा गया। व्यापारी ने यह रकम भी भेज दी। इसके बाद अलग-अलग मदों में रकम की मांग की जाती रही। धीरे-धीरे व्यापारी ने कुल मिलाकर लगभग 73 लाख रुपये आरोपी द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। लोन न मिलने पर व्यापारी को धोखाधड़ी का अहसास हुआ। उन्होंने पूरे मामले की शिकायत सकरी थाने में की। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपी के बताए बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच शुरू कर दी है।

### 5 लोगों से 13 लाख की ठगी

जूम मीटिंग व यूटयूब से मुनाफा कमाने का झांसा देकर 5 लोगों से 12 लाख 79 हजार 500 रुपए की ठगी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।
तारबाहर पुलिस के अनुसार 5 पीड़ितों ने शिकायत की। इसके अनुसार शुभम सिंह एवं उसके साथी ने जूम मीटिंग और यूट्यूब वीडियो के जरिए निवेश करने से विदेश यात्रा के साथ ही 1 प्रतिशत लाभ मिलने की जानकारी दी।
मनीराम पटेल ने 6 लाख 50 हजार, अक्षय कुमार ने 3 लाख 50 हजार, नेहल मिश्रा ने 57 हजार 500, रवि साहू ने 1 लाख 50 हजार, रामस्वरूप ने 72 हजार निवेश किया था। वे अब राशि देने से इनकार कर रहे हैं। पुलिस ने जफर इमाम, गंगाधर कुमार, दिलेश्वर मुंडा, शादाब अंसारी, आकाश कुमार, शुभम सिंह के खिलाफ 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# पासपोर्ट वेरीफिकेशन में लेटलतीफी रीडर आरक्षक लाइन अटैच

**बिलासपुर।** पासपोर्ट वेरीफिकेशन में लेटलतीफी कर लोगों को थाने चक्कर लगवाने वाले तोरवा थाने के रीडर आरक्षक को एसएसपी ने लाइन अटैच कर दिया है।

तोरवा थाने में पदस्थ रीडर आरक्षक धर्मेन्द्र डोडियाल पासपोर्ट वेरीफिकेशन का काम देख रहा था। सोमवार को एसएसपी रजनेश सिंह को शिकायत मिली कि उक्त रीडर आरक्षक पासपोर्ट वेरीफिकेशन के लिए संभ्रात परिवार के लोगों को थाने का चक्कर लगवा रहा है। उन्होंने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तोरवा टीआई अभय सिंह बैस पर नाराजगी जताते हुए आरक्षक धर्मेन्द्र डोडियाल को लाइन अटैच कर दिया है। बताया जाता है पूर्व में टीआई ने आरक्षक को पासपोर्ट वेरीफिकेशन में लेटलतीफी नहीं करने की समझाइश दी थी। किन्तु वह किसी की बात नहीं सुन रहा था। ज्ञात हो कि शहर के सभी थानों में पासपोर्ट वेरीफिकेशन में लेटलतीफी की शिकायत की जाती है। वेरीफिकेशन होने के बाद भी आरक्षक आवेदनकर्ताओं को सूचना नहीं देते हैं। आवेदनकर्ता पतासाजी करने थाने जाते हैं तो आरक्षक कई तरह के बहाने बताकर थाने का चक्कर लगवाते रहते हैं।







BLUE SAPPHIRE 16th ANNIVERSARY MOTORS
BLUE SAPPHIRE MOTORS
Srikant Verma Marg,opposite Magneto Mall,Bilaspur (C.G.)
7828900205, 7440407770, 8982407770, 7828900208, 8871407770, 07752407770
SCAN FOR DETAILS

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में मृत आरक्षक की पत्नी को मिला 1 करोड़ रुपए का चेक



**बिलासपुर।** एसएसपी ने सड़क हादसे में आरक्षक की मृत्यु होने पर सैलरी पैकेज के तहत उसकी पत्नी को 1 करोड़ रुपए का चेक सौंपा है। पुलिस विभाग में पदस्थ आरक्षक 558 रामनारायण सिंह की 5 अप्रैल 2025 को कोनी सेंदरी में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। कोनी थाना में अपराध कायम कर मामले की विवेचना की गई। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा पुलिस सैलेरी पैकेज के अंतर्गत दुर्घटना के कारण मृत्यु स्थाई विकलांगता या स्थायी आंशिक विकलांगता होने पर नामिनी को राशि दिए जाने का प्रावधान किया गया है। पुलिस विभाग के द्वारा एसबीआई से पुलिस सैलेरी पैकेज के अंतर्गत समक्ष क्लेम करने का एमओयू किया गया है। जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में पुलिसकर्मी की मृत्यु होने पर अधिकतम 1 करोड़ रुपए का क्लेम पुलिस विभाग द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। एसएसपी रजनेश सिंह ने आरक्षक के परिवार को बीमा की राशि दिलाने वेतन शाखा प्रभारी को भारतीय स्टेट बैंक से संपर्क कर नामिनी पत्नी को क्लेम की राशि दिलाने निर्देशित किया गया था। शाखा प्रभारी एएसआई सुरेश कुमार पटेल मृतक आरक्षक के परिवार से मृत्यु से संबंधित दस्तावेज प्राप्त कर भारतीय स्टेट बैंक से समन्वय स्थापित कर आरक्षक की पत्नी पूनम सिंह ठाकुर को राशि उपलब्ध कराया गया। सोमवार को एसएसपी श्री सिंह, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा पूनम सिंह ठाकुर को 1 करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया गया है।

### शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



**बिलासपुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय कोनी में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के विभिन्न स्थानों जैसे कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, कर्मशाला, गलियारों तथा प्रांगणो इत्यादि की साफ़ सफाई का कार्य किया जा रहा है। यह स्वच्छता कार्यक्रम महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण, अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं के उत्साहपूर्ण भागीदारी एवं श्रमदान से आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छता के प्रोत्साहन 27 सितंबर को छात्र छात्राओं के लिए स्वच्छता विषय पर पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमे प्रो. रेशम डहरिया एवं प्रो दमयंती पटेल, प्राचार्य डॉ एस प्रो राहुल गुप्ता ने परिसर की साफ सफाई की। अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखने का संकल्प लिया।

### युवा कांग्रेस ने बिजली बिल जला कर किया विरोध प्रदर्शन



**बिलासपुर।** युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर इंदु चौक स्थित सीएसपीडीसीएल कार्यालय के बाहर बिल चलाओ आंदोलन किया गया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष शेरू असलम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा की सरकार सत्ता में आई है, तब से तानाशाही चरम सीमा पर है और सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों की लापरवाही जारी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार (भूपेश बघेल) द्वारा लागू की गई हाफ बिजली बिल योजना को वर्तमान सरकार द्वारा बंद करना है। पहले इस योजना के तहत 400 यूनिट तक बिजली जलाने पर बिल आधा आता था। वर्तमान साय सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया है। आम जनता इस योजना का लाभ नहीं ले पा रही है। बिजली की दरों में लगातार वृद्धि हो रही है और लगातार बिजली गोल हो रही। बढ़ती बिजली बिल से जानता पर सीधा असर पड़ रहा जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। युवा कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। योजना को पूर्ण रूप से बहाल करने की मांग कर रही है। इस योजना को चालू नहीं करने पर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। आज के इस प्रोग्राम में सिबली मेराज ख़ान, गोपाल दुबे, आसिफ़ ख़ान, शेरू असलम, मो अयाज़, शांतनु मेश्राम, दीपक रजक, हरीश कालशा, शानू ख़ान, सोनू भोरे, गौरव सिंह, वक्कार ख़ान आदि मौजूद थे।

### जय बूढ़ादेव गंधर्व समाज की संभाग स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय



**बिलासपुर।** चिंगराजपारा स्थित गंधर्व समाज भवन में जय बूढ़ादेव गंधर्व समाज का अधिकार एवं सम्मान समारोह संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रभाकर ग्वाल थे। कार्यक्रम के संयोजक रामशरण गंगे एवं संचालन सुखराम गंधर्व ने किया। बैठक की अध्यक्षता कौशिल्या गंधर्व ने की। बैठक में संकल्प लिया कि गंधर्व समाज को दशकों से मिल रही उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि समाज को अनुसूचित, जन, जाति की सूची में शामिल करने की मांग अब आंदोलनात्मक स्वरूप में सरकार तक पहुंचाई जाएगी। जब तक संवैधानिक मान्यता नहीं मिलेगी, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। बैठक में सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कार्यक्रम में सुखराम गंधर्व, रामनिवास चौहान, सुखसागर चौहान, जितेन्द्र चौहान, राजेन्द्र दीप और रामप्रकाश चौहान, राधेश्याम गंधर्व, गेंदलाल गंधर्व, दिख्या चौहान, रंजना चौहान, आशा चौहान, भूखन गंधर्व, रामकुमार गंधर्व, राजेश गंधर्व, राजेन्द्र चौहान, रंजना गंधर्व रामकृष्ण चौहान, रामू गंधर्व एवं जितेन्द्र चौहान आदि मौजूद थे।

**इस साल 25 अगस्त को समाप्त हो गई प्रवेश तिथि** | **पिछले साल कालेजों में 30 सितंबर तक चली थी एडमिशन प्रक्रिया**

# कालेजों में नहीं बढ़ी एडमिशन की डेट, खाली रह गईं 27 हजार से अधिक सीटें



**बिलासपुर।** इस साल कालेजों में प्रवेश की तिथि नहीं बढ़ाई गई, जिससे अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में स्नातक-स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में लगभग 27 हजार 7 सौ सीटें खाली रह गई हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने इस साल केवल एक बार कालेजों में प्रवेश के लिए तिथि बढ़ाई थी, उसके बाद दुबारा तिथि नहीं बढ़ाई, जबकि पिछले साल 30 सितंबर तक कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया चली थी।

अब सितंबर भी समाप्त हो गया और उच्च शिक्षा विभाग ने इस सत्र कालेजों में प्रवेश के लिए तिथि नहीं बढ़ाई। पिछले साल कालेजों में 30 सितंबर तक एडमिशन चलता रहा और करीब तीन बार प्रवेश तिथि बढ़ाई गई थी। लेकिन इस साल केवल एक बार ही प्रवेश तिथि बढ़ाई गई। इस बार गवर्नमेंट कालेजों की स्थिति तो कुछ ठीक है, किन्तु प्राइवेट कालेजों में काफी सीटें रिक्त रह गई हैं। अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में जून माह में आनलाइन रजिस्ट्रेशन चालू हो गया था और जुलाई माह में कालेजों में तीन-चार बार मेरिट आधार पर एडमिशन के लिए लिस्ट निकाली गई। इस तरह से 31 जुलाई तक शासन के निर्देशों के अनुसार प्रवेश दिया गया, उसके बाद यूनिवर्सिटी के कुलपति की अनुमति से कालेजों में 14 अगस्त तक रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया। लेकिन कई स्टूडेंट प्रवेश के लिए भटक रहे थे और छात्र संगठनों की ओर से प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग हो रही थी, इसलिए उच्च शिक्षा द्वारा बीच में एक सप्ताह के लिए प्रवेश तिथि बढ़ाई गई थी और 5 सितंबर तक प्रवेश दिया गया। उसके बाद कालेज वाले सहित स्टूडेंट प्रवेश तिथि दूबारा बढ़ने का इंतजार करते रहे, किन्तु दुबारा तिथि नहीं बढ़ाई।

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में प्रवेश तिथि समाप्त होने के बाद लगभग 27 हजार 700 सीटें खाली रह गई है। कालेजों में यूजी-पीजी मिलाकर कुल 54 हजार 186 सीटों के नहीं भर पाईं और प्रवेश तिथि समाप्त होने के बाद यूजी-पीजी में 28 हजार 861 सीटें खाली रह गई है। दूसरी तरफ इन खाली सीटों को लेकर प्राईवेट कालेज वाले अभी और प्रवेश तिथि बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं।

### कुल 26 हजार 405 एडमिशन हुए

कालेजों में इस शिक्षा सत्र में यूजी-पीजी में कुल 26 हजार 405 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है। कालेजों में इस बार यूजी फर्स्ट सेमेस्टर में कुल 37 हजार 240 सीटें हैं, जिनमें से 17 हजार 851 सीटों पर एडमिशन हुआ है। यूजी फर्स्ट सेमेस्टर की 19 हजार 389 सीटें खाली रह गई है। इसी तरह पीजी में कुल 16 हजार 946 सीटें हैं, जिनमें से 8 हजार 554 सीटों पर एडमिशन हुआ है और 8 हजार 392 सीटें खाली रह गईं।

### नहीं बढ़ाई गई है तिथि

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश निर्देशिका सिद्धांत तहत कालेजों में 14 अगस्त तक एडमिशन चला था। उसके बाद सीटें रिक्त रहने और प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने की मांग को देखते हुए शासन की ओर से बीच में एक बार प्रवेश तिथि 25 अगस्त तक बढ़ाई गई थी, जो समाप्त हो चुकी है और उसके बाद दुबारा प्रवेश तिथि नहीं बढ़ाई गई है।

**-प्रो. प्रवीण पांडेय**
क्षेत्रीय अपर संचालक,
उच्च शिक्षा विभाग

**वेटिंग हाल, अक्षिता कक्ष, कार्यालय सहित कई काम अधूरे**

# उसलापुर स्टेशन में चल रहा अमृत भारत योजना का काम, यात्री हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अमृत भारत योजना में शामिल होने के बाद उसलापुर रेलवे स्टेशन को डेवलपमेंट का कार्य शुरु कर दिया गया है। इसका कार्य बैलगाड़ी की गति से भी धीमा चल रहा है। आदर्श रेलवे स्टेशन की ओपनिंग अगले माह यानि अक्टूबर माह में की जानी है, लेकिन अब तक महिलाओं के बैठने के लिए अक्षिता कक्ष, सेकेंड क्लास वेटिंग हॉल, पार्सल कार्यालय, पूछताछ काउंटर सहित कई कार्य अधूरे पड़े हैं। इस कार्य को पूरा करने के लिए अब तक समय सीमा निश्चित नहीं हो सकी है।

बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करते हुए विकसित करने का काम किया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में रेलवे स्टेशन के बाहर की दीवार के सामने एसीपी प्लाई लगाकर आकर्षक लाइटें लगाने के अलावा प्लेटफार्म नम्बर एक पर पुराने टाइल्स को उखाड़कर नई टाइल्स लगाने, स्टेशन के सामने छोटा सा गार्डन, कार की नई पार्किंग, मुख्य गेट की लंबाई और चौड़ाई बढाने का काम करीब-करीब पूरा कर दिया गया है। इन सबके बावजूद रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं का काफी अभाव है, जिसके कारण यात्री काफी परेशान भी हो रहे हैं। रेल मंडल के अधिकारियों ने कुछ माह पहले उसलापुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य था कि अक्टूबर माह में देश के दूसरे रेलवे स्टेशन के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे उसलापुर स्टेशन की भी ओपनिंग की जानी है। निरीक्षण के दौरान डीआरएम सहित अन्य अफसरों ने ठेकेदार के साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द काम पूरा करने आदेशित किया था।

### कमी दूर करने का आदेश

मंडल रेल प्रबंधक और अन्य अफसरों ने निरीक्षण करने के दौरान कई तरह की कमियों को देखा। वर्तमान में प्लेटफार्म नम्बर एक पर नए शेड का विस्तार कर दिया गया, लेकिन वहां न तो यात्रियों के लिए पंखे हैं और लाइट की सुविधा है। इसकी वजह से रात में यात्रियों को अंधेरे में ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है। नए शेड में लाइट और पंखे लगाने के साथ सेकेंड क्लास वेटिंग हॉल, स्टेशन प्रबंधक और वीआईपी रूम का काम जल्द पूरा करने का आदेश दिया।

### व्यवस्थित नहीं है अक्षिता

बिलासपुर स्टेशन की तरह उसलापुर स्टेशन में आरपीएफ पोस्ट के पास महिला यात्रियों के बैठने के लिए जगह बनाई गई है, जिसे अक्षिता नाम दिया गया है। यहां सबसे अधिक परेशानी बारिश के मौसम में होती है, चारों ओर से घेराबंदी करने के बाद खुले एरिया से पानी अंदर घुस जाते हैं। इससे महिलाओं को काफी परेशानी होती है। इस कार्य को जल्द व्यवस्थित करने कहा गया था। आदेश के बाद चारों ओर से घेराबंदी का कार्य तो किया गया, लेकिन लाइट पंखे की व्यवस्था नहीं की गई है।

### ओपनिंग के पहले पूरा

उसलापुर रेलवे स्टेशन को यात्रियों की सुविधा के लिए विकसित करने का काम अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है। यहां जो भी कार्य अब तक पूरे नहीं हो सके हैं, उसका ओपनिंग के पहले कर लिया जाएगा।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# लाल बहादुर स्कूल मैदान में जलेगा 60 फीट का रावण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस बार लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में इस बार 60 फीट राव का पुतला जलाया जाएगा।

कार्यक्रम के संयोजक राजू मौर्य अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि राम लक्ष्मण , हनुमान सहित वान सेना और रावण की राक्षस सेना शाम 4 बजे से नगर भ्रमण करते हुए शाम 6 बजे लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान पहुंचेगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुशांत शुक्ला एवं नगर निगम सभापति विनोद सोनी करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि राम अवतार अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल, सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल बृजमोहन सोनी, डा. रजनीश पांडे, अवध जाजोदिया, जवाहर सराफ होंगे। इसे सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्य अशोक साहू, इलियास खान, प्रभात साहू, विशाल साहू, दिलीप श्रीवास्तव, साहिल मौर्य, संतोष ठाकुर आदि आवश्यक तैयारी में जुटे हैं। इस दौरान अतिथियों द्वारा राम दरबार की पूजा होगी। तत्पश्चात मैदान में राम रावण का युद्ध होगा और रावण मारा जाएगा।

# आम आदमी की हालत नहीं सुधरी: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने जीएसटी 0.2 रिफार्म पर भाजपा के केंद्र सरकार पर जनता को लूटने और उद्योगपतियो को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जीएसटी के नाम पर सियासी नौटंकी हो रही है। सरकार को आम आदमी के साथ गांव, गरीब की चिंता ही नहीं है।

- **जीएसटी रिफार्म पर उत्सव सियासी नौटंकी : केशरवानी**

जीएसटी रिफार्म के मुद्दे को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने कहा कि जीएसटी रिफार्म के नाम पर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार जिस तरह उत्सव मना रही है। यह बात किसी की समझ में नहीं आ रही है कि उत्सव मनाने वाली कौन सी बात हो गई। क्या गरीब के रसोई को फायदा हुआ या पूजा पाठ करने वाले श्रद्धालु को। श्रद्धा के नाम पर टैक्स, सब्जी, किराना दुकान रोजमर्रा की चीजें खरीदारी करने वाले हो या फिर जिस घर में मरीज हो और उनको हर महीने दवा की जरुरत पड़ती है। उन घरों में जाकर पूछिए जीएसटी ने उनके घरों के बजट को किस तरह धराशाई कर दिया है।

श्री केशरवानी ने कहा आम आदमी के हालात में अब तक सुधार नहीं हुआ है। जीएसटी रिफार्म का फायदा किसे मिल रहा है, यह भी एक बड़ा सवाल है।

### बिजली बिल को भी उत्सव में शामिल कर लेते

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने आम आदमी से लेकर किसानों को राहत देते हुए बिजली बिल हाफ योजना लेकर आई थी। इससे सभी वर्गों को राहत मिल रही थी। भाजपा सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया है। इससे आम आदमी की परेशानी बढ़ गई है।

## 15 दिनों तक बिजली बंद कर किया मेंटनेंस फिर भी त्योहार में बिजली हो रही बंद

**बिलासपुर।** नवरात्र और दीपावली को देखते हुए बिजली विभाग ने शेड्यूल मेंटनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद कर मरम्मत कार्य किया है, लेकिन इसके बाजवूद रोजाना घंटों बिजली बंद होने से लोग हलाकान हैं। अफसर बिजली बंद होने का अलग-अलग कारण बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

सिटी सर्किल में बिजली बंद होना आम बात है, सुबह से लेकर रात तक कई घंटे बिजली की लुकाछिपी चलती है, इससे उपभोक्ताओं के रोजमर्रा के काम प्रभावित होते हैं। रविवार की रात करीब 11 बजे बृहस्पति बाजार सबस्टेशन में अचानक खराबी आ गई, इस दौरान एबी स्विच खराब होने के कारण पूरे क्षेत्र में बिजली बंद रही। मध्यनगरीय चौक, गोल बाजार, मसानगंज, सरजू बगीचा गली, जूनी लाइन जैसे जगहों पर अंधेरा छा गया। वहीं सोमवार की दोपहर 1.15 बजे से बिजली बंद रही। इस दौरान बृहस्पति बाजार सबस्टेशन में मरम्मत कार्य चलता रहा, इसके बाद पुलिस लाइन के पास तार टूटने की कारण घंटों बंद का सामना करना पड़ा,शाम 5 बजे के करीब बिजली बहाल हो सकी। यही हालत तिफरा व गांधी चौक क्षेत्र का भी रहा, जहां सुबह से ही बिजली की आंख मिचौली जारी रही। सोमवार को नेहरू चौक और कांग्रेस भवन में भी करीब 1 घंटे तक बिजली बंद रही।

### किया जाता है सुधार कार्य

उपकरण खराब होने पर बिजली बंद होती है, इसमें कोई भी कुछ नहीं कर सकता है। गर्मी बढ़ते ही लोड बढ़ जाता है, तार और केबलों में फाल्ट आते है। फिर भी जल्द से जल्द सुधार कार्य किया जाता है।

**-श्रीनिवास राजू**, अधीक्षण यंत्री, विद्युत विभाग

# साइंस कॉलेज मैदान में 101 फीट के रावण का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कॉलेज मैदान में 101 फीट का रावण दहन 2 अक्टूबर को रात 8 बजे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू तथा भाजपा के विधायक द्वारा किया जाएगा।

- **केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू तथा भाजपा के विधायक द्वारा किया जाएगा रावण दहन**

कार्यक्रम के आयोजक सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति अरपाचल ने बताया कि सरकंडा क्षेत्र के 24 पार्षदों द्वारा यहां रावण दहन का कार्यक्रम किया जा रहा है। यहां पर राम दरबार की अलौकिक एवं मनमोहक जीवंत झांकी देखने को श्रद्धालुओं को मिलेगी। यह झांकी सोनगंगा आवासीय परिसर शिव मंदिर से निकलकर गाजे-बाजे के साथ रावण दहन स्थल साइंस कालेज मैदान पहुंचेगी। यहां पर राम रावण युद्ध होगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अमर अग्रवाल, अति विशिष्ट अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह, अटल श्रीवास्तव, विधायक सुशांत शुक्ला और विशिष्ट अतिथि राजेश्वर सूर्यवंशी तथा महापौर पूजा विधानी रावण दहन करेंगे। रावण दहन कार्यक्रम के पहले जगराता कार्यक्रम होगा।इस अवसर पर सरकंडा क्षेत्र के पार्षद राजेश शुक्ला, श्याम साहू, रेखा ओम प्रकाश पांडे, विजय ताम्रकार, तिलक साहू , राजेश दुसेजा, रूपाली अनिल गुप्ता, सुनीता जगत, रेखा सूर्यवंशी, तिहारी जायसवाल, संगीता परिहार, रमेश पटेल, हेमंत मरकाम, ममता अमित मिश्रा, कमला पुरुषोत्तम पटेल, मनोरमा विजय यादव, रानी शैलेश देवांगन, दिलीप पाटिल, प्रीतेश सोनी, जय वाधवानी, सुनील सोनकर मोहन श्रीवास, उद्धव साहू, अंचल दुबे कार्यक्रम के आयोजक हैं। रावण दहन को लेकर समिति के सदस्यों में काफी उत्साह है।

**साक्षात्कार लेने पहुंची 13 मल्टी नेशनल कंपनियां**

# डॉ. सी वी रमन विवि के 147 विद्यार्थियों का कैंपस में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय में कैंपस विद्यार्थियों का चयन करने के लिए 13 कंपनियां पहुंची।

इस दौरान विप्रो, टाइम्स प्रो, (टाइम्स ग्रुप ) लेग प्रो सॉल्यूशन, टेक्नोमाइंड, प्रो. फ्यूचर टेक्नोलॉजी, स्पेक्ट्रम, टैलेंट मैनेजमेंट, डिक्शन टेक्नोलॉजी, रेसिलियंस, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई एनआईआईटी सहित कई कंपनियों ने विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का इंटरव्यू किया। जिसमें कुल 147 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित कंपनियों में विद्यार्थी देश के अलग-अलग राज्यों में अपनी सेवाएं देंगे। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि छग राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसे अधिक यादगार बनाने के लिए विद्यार्थियों के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया । जिसमें नेशनल अल मल्टीनेशनल कंपनियों ने विश्वविद्यालय में कैंपस इंटरव्यू किया है । दो दिनों तक चले इस इंटरव्यू में कुल 147 विद्यार्थियों का चयन हुआ है । जो इंजीनियरिंग, कॉमर्स, प्रबंधन फार्मेसी, आर्ट सहित सभी संकाय के विद्यार्थी हैं। इसमें सभी विद्यार्थी आकर्षक वेतनमान में अलग-अलग फील्ड में अपनी सेवाएं देंगे। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डिपार्टमेंट के डॉ. राजीव पीटर्स ने बताया कि विप्रो कंपनी से राघव जैन, हुजैफा खान, लेग प्रो से गौरव कुमार, टेक्नोमाइड से जितेंद्र सैनी, प्रो फ्यूचर टेक्नोलॉजी से शिवानी पुंज और एन आई आई टी से सौरभ कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के सौरभ पीटर्स , अमित रुद्रकर, जय त्रिवेदी सहित सभी संकायों के प्राध्यापक मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में अद्भुत प्रतिभाएं: प्रोफेसर घोष

विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय की विद्यार्थियों में अद्भुत प्रतिभाएं हैं। यही कारण है कि इनका नेशनल और मल्टी नेशनल कंपनियां चयन कर रही हैं। आज देश के हर राज्यों में और दुनिया के हर देश में डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय का विद्यार्थी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जो विद्यार्थी अपने भविष्य की ओर पहला कदम बढ़ा रहे हैं।

# नगर निगम की सामान्य सभा 6 महीने बाद 6 को

**बिलासपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक का एजेंडा जारी हो गया है। सभापति विनोद सोनी ने इस बैठक के लिए शासन को पत्र लिखा था। 6 महीने के अंतराल के बाद होने वाली इस बैठक में हंगामे की स्थिति बन सकती है। पार्षदों ने शहर की खराब सड़कों, सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों की धीमी गति के मुद्दों पर महापौर पूजा विधानी को घेरने की योजना बनाई है। पार्षदों ने कुल 58 सवाल पूछा है। प्रश्नों के क्रम निर्धारण के लिए लॉटरी 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे दृष्टि सभाकक्ष में निकाली जाएगी।

6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में आयोजित सामान्य सभा के एजेंडे में कुल 37 प्रस्ताव शामिल हैं। इनमें से 27 प्रस्ताव अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के प्रमाण पत्र से संबंधित हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में छूट की घोषणा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करने का प्रस्ताव भी शामिल है। इसके साथ ही टेंडर मंजूरी और नामकरण से जुड़े अन्य प्रस्ताव भी सभा में प्रस्तुत किए जाएंगे। वार्ड क्रमांक 38 की पार्षद सुनीता गोयल ने अवैध निर्माण के साथ ही नाली निर्माण के बारे में सवाल पूछा है। वार्ड 54 के पार्षद तिहारी राम जायसवाल ने वार्ड की सफाई के बारे में वार्ड क्रमांक 49 के पार्षद रमेश पटेल ने बजरंग चौक के पास डाले जा रहे कचरे पर सवाल उठाया है। नगर निगम ने सामान्य सभा के लिए 37 सूत्रीय एजेंडा जारी किया है।

खबर संक्षेप

## निशक्त जनों का रजत जयंती में किया सम्मान

**बिलासपुर।** निःशक्तजन वित्त विकास निगम से प्राप्त ऋण का सफलता पूर्वक अदा करने वाले दिव्यांगजनों का बृहस्पति बाजार स्थित अनुभव भवन में सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि निःशक्तजन वित्त विकास निगम छत्तीसगढ़ अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विनोद सोनी, दीपक सिंह ठाकुर, राजेश तिवारी, अरविन्द दीक्षित, बबीता कमलेश, प्रशांत मोकासे, सत्यभामा अवस्थी, उत्तम राव माथनकर, संजय खुराना, शिवचरण यादव, सौरम दीवान, राजकुमारी सोनी, संजय खुराना, बसंत श्रीवास, रमाशंकर शुक्ला एवं संतोष देवांगन आदि मौजूद थे।

## स्पेशल एजुकेटर की भर्ती दावा आपत्ति 6 तक

**बिलासपुर।** जिले के पीएमश्री विद्यालयों में स्पेशल एजुकेटर की भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची कर दी गई है। सूची का अवलोकन जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा जिला पंचायत भवन द्वितीय तल एवं जिले की वेबसाइट में किया जा सकता है। इच्छुक आवेदक सूची के संबंध में दावा आपत्ति 6 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## सिम्स के सामने फिर लगाने लगा जाम

**बिलासपुर।** सिम्स की बाउंड़ी से लगे जगहों पर एक बार फिर एम्बुलेंस, गुमटिया व ठेले लगने लगें है। इससे सड़क पर जाम लगने लगा है। दुर्गोत्सव के चलते पहले से ही वाहन और लोगों की भीड़ मौजूद है ऐसे में यहां से होकर गुजरना लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। पुलिस व निगम प्रशासन की ओर से समस्या को दूर करने कोई खास पहल नहीं की गई है।

# रहंगी मुक्तिधाम बदहाल, न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं, अंतिम संस्कार करना भी एक थकाऊ काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने चकरभाठा क्षेत्र के रहंगी ग्राम पंचायत स्थित मुक्तिधाम (अंत्येष्टि स्थल) की बदहाली के मामले में जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई की है। अवकाश के दिन 29 सितंबर को मामले को संज्ञान में लिया गया सेक्रेटरी छग शासन, सचिव पीडब्ल्यूडी, सचिव ऊर्जा विभाग, सी.एस.पी.डी.सी.एल., कलेक्टर बिलासपुर, एसडीएम बिल्हा, सीईओ जनपद पंचायत बिल्हा, सरपंच ग्राम पंचायत रहंगी को नोटिस जारी किया गया है। कोर्ट ने इसके साथ ही जिले और राज्य भर के मुक्तिधामों में पूरी व्यवस्था करने के निर्देश सरकार को दिए हैं। चीज जस्टिस रमेश सिंह व जस्टिस बीड़ी गुरु की



13 अक्टूबर को होगी सुनवाई

डिवीजन बेंच ने अधिकारियों से व्यक्तिगत हलफनामा दायर करने और श्मशान घाटों की बेहतरी के संबंध में रोडमैप या विजन के बारे में पूछा है। जनहित याचिका की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी।

दरअसल चीफ जस्टिस एक अंतिम संस्कार में शामिल होने रहंगी गए थे। यहां की स्थिति अत्यंत दयनीय पाई गई। मुक्तिधाम में न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं हैं। दयनीय स्थिति को देखते हुए, मामले का संज्ञान लेते हुए यह स्वतः संज्ञान जनहित याचिका दर्ज कर सुनवाई प्रारम्भ की है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि सबसे पहले, वहां कोई चारदीवारी या बाड़ नहीं है जिससे यह पहचाना जा सके कि वह क्षेत्र क्या है या किस स्थान तक अंतिम संस्कार / दाह संस्कार या दफन किया जा सकता है। वहां पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है और उक्त मार्ग गड्ढों से भरा हुआ है और इस बरसात के मौसम में यह पानी से भर गया है, जिससे लोगों के लिए अंतिम संस्कार स्थल तक पहुंचना एक थकाऊ काम बन गया है। हाईकोर्ट ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकारों में सम्मानजनक मृत्यु और अंतिम संस्कार का अधिकार शामिल है।

### जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में बनेगी समिति

कोर्ट ने कहा है कि नियमित तौर पर श्मशान घाटों का निरीक्षण करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक समिति गठित करना होगा, जिसमें नगरपालिका अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी और स्थानीय गैर सरकारी संगठन शामिल होंगे। राज्य सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी श्मशान/अंत्येष्टि स्थलों के रखरखाव और उन्नयन के लिए पर्याप्त धनराशि का आवंटन करेगी।

# आपके दिल का सबसे बड़ा दुश्मन तनाव आखिर क्यों : डॉ. आरिफ



हेल्थ प्लस

**बिलासपुर।** जिस तरह रावण के दस सिर थे और हर सिर से वह मानवता को नुकसान पहुँचाता था, उसी तरह तनाव भी कई रूपों में आपके हृदय पर प्रहार करता है। अक्सर लोग डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल मैनेजमेंट पर बात करते हैं। सही भी है ,यदि इन्हें नियंत्रित कर लिया जाए तो हार्ट डिज़ीज़ का खतरा काफी कम हो सकता है। लेकिन हृदय रोग का सबसे बड़ा कारण तनाव है, जिसके बारे में शायद ही कोई बात करता है। तनाव को मापने का कोई पैमाना ही नहीं है। गौरव हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आरिफ असलम बताते हैं कि –समय पर नींद न आना या बार-बार नींद टूटना,

ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, छोटी-सी बात पर गुस्सा या चिड़चिड़ापन, अचानक गहरी सांस लेना या सांस फूलना, अकेले रहने की इच्छा या डिप्रेशन की शुरुआत, कभी ज़रूरत से ज्यादा भूख लगना या बिल्कुल भूख न लगना। ये सभी संकेत तनाव के हैं। लगातार तनाव से हृदय गति बढ़ती है, धमनियां कमजोर होती हैं और नसें फटने तक का खतरा बढ़ जाता है। यही स्थिति अंततः हार्ट अटैक का कारण बन सकती है। तनाव के आम कारण पर्याप्त नींद का अभाव,घर या रिश्तों में तकरार, मोबाइल और स्क्रीन का अत्यधिक उपयोग करना शामिल है।

**तनाव से बचाव के उपाय :** मोबाइल का उपयोग सीमित करें, सूर्यास्त के बाद सोने की तैयारी करें और सुबह जल्दी उठें, घर-परिवार के छोटे-मोटे मसले शांतिपूर्वक सुलझाने की कोशिश करें, दूसरों से नहीं, खुद से प्रतियोगिता करें और साल-दर-साल खुद को बेहतर बनाएं और सबसे जरूरी हर मुलाकात पर चेहरे पर मुस्कान रखें। जब आप किसी को निस्वार्थ भाव से कुछ देते हैं, तो उसका सुकून आपके दिल को आनंद से भर देता है।

## मार्क इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में रैली व स्वास्थ्य शिविर



मार्क इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में विश्व हृदय दिवस पर स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षकों ने लोगों को हृदय रोगों से बचने, स्वस्थ आहार, व्यायाम और नशे से दूरी बनाने का संदेश दिया। शिविर में 500 से अधिक लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, वज़न और आंखों की जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों को हृदय स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए आवश्यक परामर्श दिया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. रेनू बाला मौर्य ने किया।



## वसुंधरा नगर सड़क, नाली निर्माण की मांग, निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** वसुंधरानगर वार्ड क्रमांक 19 में सड़क एवं नाली निर्माण की मांग को लेकर नागरिकों ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में नागरिकों ने बताया कि वसुंधरा नगर जो कि ग्राम पंचायत अमेरी के अंतर्गत है। यहां रहने वालों के लिए इस कालोनी में किसी भी तरह की सुविधा नहीं है। सड़क खराब है। पानी निकासी के लिए नाली की व्यवस्था नहीं है। नियमानुसार ग्राम पंचायत अमेरी से नक्शा पास करवा कर टैक्स जमा कर मकान निर्माण करवाया गया। अधिकतर मकान शासकीय बैंक से फायनेंश हैं, जो कि यह सिद्ध करता है की भूमि अवैध नहीं है। नगर निगम जोन कमिशनर के कहे अनुसार सभी ने अपने भूमि मकान को नगर निगम से नियमितिकरण भी करवा लिया है। कुछ जो बचे हैं, उनका आवेदन नगर निगम कर्यालय में जमा है। नियमानुसार समय पर टैक्स जमा किया जा रहा है। गत 5 वर्षों से सड़क एवं नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया जा रहा है, परंतु अब तक निगम प्रशासन किसी प्रकार की सुविधा नहीं दे रही है। वर्तमान में यहां का कच्च्च रास्ता काफी खराब है, बच्चों और महिलाओं के लिए चलना मुश्किल हो गया है। हर बार नाप जोक और इस्टिमेट बनाया जाता है, पर मौके पर निर्माण नहीं कराया जाता। निगम प्रशासन पहले से बनी हुई सड़कें फिर से बना रही है. परंतु जो कच्ची सड़क है उसका निर्माण नहीं करवा रही है। यहां के लोगों ने निगम आयुक्त से जल्द से जल्द सड़क एवं नाली निर्माण करवाने, नियमितिकरण के लिए जो आवेदन लंबित हैं उन पर विचार कर नियमितिकरण का अनुरोध किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में ममता साहू, लक्ष्मी, अंगहनी बाई, कुमारी पात्रे, सुनीता खांडे, नीलू साखुजा, अन्नपूर्णा यादव आदि शामिल हैं।

# श्री जगन्नाथ मंगलम में फैशन प्रेमियों के लिए खास ऑफर


**बिलासपुर।** पुराना बस स्टैंड रोड श्री जगन्नाथ मंगलम में भव्य सेल का आयोजन किया जा रहा है। जहां देश के 200 नामी ब्रांड्स के 50 हजार से भी अधिक रेडीमेड गारमेंट्स बेहद किफायती दामों पर उपलब्ध हैं। इस सेल में ब्रांडेड गारमेंट्स काफी नॉमिनल दाम पर खरीदे जा रहे हैं।। सेल के संचालक के अनुसार जीएसटी टैक्स में गिरावट के कारण इस वर्ष कीमतों में भारी कमी की गई है। इस सेल में ग्राहकों को वास्तविक छूट का लाभ मिल रहा है। इस सेल में मेंस और वूमेन दोनों कैटेगरी के लिए जबरदस्त कलेक्शन है। युवकों के लिए ब्रांडेड टी-शर्ट 200 रुपए, कैजुअल शर्ट (2 पीस) 500 रुपए, जेंट्स लोअर 250 से 350 रुपए, केजुअल फॉर्मल शर्ट 350 रुपए, जींस व ट्राउजर (2 पीस) 700 रुपए में उपलब्ध हैं। वहीं महिलाओं के लिए वेस्टर्न टॉप 100 रुपए, लेडीज जींस 200 रुपए, प्लाज़ो कैपरी स्कर्ट 150, वेस्टर्न लॉन्ग टॉप 200 से 250 रुपए, बेबी लॉन्ग फ्रॉक सूट 250 से 350 रुपए, और फैशनेबल कॉटन व रियान कुर्तियां सिर्फ 250 रुपए में मिलेंगे। बच्चों के कपड़ों पर भी शानदार ऑफर दिया गया है, जहां बच्चों के टी-शर्ट 150 से 200 रुपए, बच्चा शर्ट 150 से 250 रुपए, बच्चा जींस 250 से 350 रुपए और किड्स पार्टी वियर ड्रेस 350 से 590 रुपए तक उपलब्ध हैं । स्पेशल काउंटर में गोल गला, कॉलर, डाउन शोल्डर, फुल स्लीव, वाशिंग टी-शर्ट, केजुअल फॉर्मल व प्लेन शर्ट मात्र 350 से 750 रुपए में बेचे जा रहे हैं। बच्चा लोअर 50 रुपए, बेबी टॉप 100 रुपए, इनर ब्रा 50 रुपए, लेडिस कैप्री 150 जेंट्स अंडरगारमेंट बनियान 100 रुपए में दिए जा रहे हैं। फैशन प्रेमियों के लिए यह सुनहरा अवसर है, जहां सभी प्रमुख ब्रांड्स एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे।



बिजनेस प्लस

# महक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर में नवरात्रि व दीपावली पर ऑफर

**बिलासपुर।** नवरात्रि पर्व और दीपावली पर बैमा नागोई रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने महक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर ने ग्राहकों के लिए जबरदस्त छूट और आकर्षक पैकेज ऑफर की घोषणा की है। शॉप के संचालक सुमीत बंसल ने बताया कि यहां शादी का पूरा सामान मात्र 37 हजार 999 से शुरू हो रहा है। इसके साथ ही सिल्वर, डायमंड, गोल्ड और गोल्ड प्लस जैसे पैकेज भी उपलब्ध है। इसमें एलईडी टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी, गीजर, मिक्सर ग्राइंडर, सोफा, आलमारी, दिवान, बेड, डायनिंग टेबल सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स और फर्नीचर का पूरा सेट बेहद किफायती दरों पर दिया जा रहा है। ग्राहकों के लिए 40% तक डिस्काउंट की सुविधा है। पुराने इलेक्ट्रॉनिक्स और फर्नीचर एक्सचेंज करके नया सामान लेने का भी मौका दिया जा रहा है। संचालक ने बताया कि इस सीजन में ग्राहकों को शहर का सबसे सस्ता और भरोसेमंद सामान यहां उपलब्ध कराया जा रहा है।






# क्षेत्र में नवरात्रि का उत्साह, देर रात तक मंदिर व दुर्गा पंडालों में भीड़

**खबर संक्षेप**

## जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं ने किया सीएम का भव्य स्वागत



**बोदरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हाईकोर्ट में आयोजित रजत जयंती समारोह में शामिल होने पहुंचे, जहां नयापारा बोदरी में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय, महापौर पूजा विधानी, डॉ देवेंद्र कौशिक, पुनीता डहरिया, डॉ रामकुमार कौशिक अशोक कौशिक, कमल ठाकुर, धनेश्वरी डहरिया, जय पांडे, इंद्रजीत छतरी, उमाशंकर कश्यप, राजेन्द्र डहरिया, विश्वराम मानिकपुरी, नंदिनी छत्री, अगरदास मानिकपुरी, रजनीश पांडे समेत अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री का स्वागत व अभिनंदन किया।

## कांग्रेसियों ने बिजली बिल की प्रतियां जलाकर जताया विरोध




**बोदरी।** प्रदेश में बढ़ती बिजली दरों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने बिजली बिल की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार को आम जनता का विरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि, हमारे प्रदेश की बिजली चुराकर अन्य प्रदेशों में बेची जा रही है, जिससे छत्तीसगढ़ की जनता बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जय किशन राजू यादव, बिल्हा विस अध्यक्ष सुनील साहू, बोदरी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, पार्षद रोहित साहू, जगन्नाथ धुवंशी, युकां उपाध्यक्ष अक्षय नवरंग, दौलत साहू, किरण ध्रुव, तनुजा मरकाम, बसंती सूर्यवंशी, राजेश यादव राजकुमार साहू सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महंगी बिजली दरों को लेकर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**सीपत।** प्रदेश में बिगड़ती विद्युत व्यवस्था और बढ़ती बिजली दरों के खिलाफ छग युवा कांग्रेस के आह्वान पर मस्तूरी विस युकां के अध्यक्ष सुनील पटेल के नेतृत्व में आज दोपहर 12 बजे सीपत सब स्टेशन परिसर के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रदर्शन में मस्तूरी ब्लॉक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सुनील पटेल और सीपत ब्लॉक युकां अध्यक्ष प्रीतेश धनोरे ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और एनएसयूआई के सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। युवा नेताओं ने कहा कि, यह विरोध प्रदर्शन जनता की बढ़ती बिजली दरों और खराब विद्युत व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर हैं।

## जुए के फड़ पर पुलिस का छापा, 4 जुआरी गिरफ्तार



**मुंगेली।** एसपी भोजराम पटेल के निर्देशानुसार अवैध नशा, जुआ सट्टा सहित अन्य आपराधिक गितिविधियों पर लगाम लगाने पुलिस 'ऑपरेशन बाज' चलाकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 सितम्बर को मुखबिर से सूचना मिली कि, ग्राम परसदा मुक्तिधाम में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पथरिया थाना एवं सायबर सेल की टीम ने परसदा मुक्तिधाम में छापेमार कार्रवाई कर किशुन लोधी 55 वर्ष निवासी कलार जेवरा पथरिया, अजय कुमार राजपूत 27 वर्ष निवासी बोटेबोट बेमेतरा, नीलमणी 41 वर्ष निवासी पडरभट्ठा मुंगेली, यूशरण साहू 52 वर्ष निवासी गुजेरा बेमेतरा को जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 हजार 300 नकद रूपए, बोरा फट्टी, 52 पत्ती ताश, 3 नग मोटर सायकल को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

नगर सहित क्षेत्र में इन दिनों नवरात्रि पर भक्ति की बयार बह रही है। श्रद्धालुजन आधी रात तक देवी मंदिरों के साथ-साथ दुर्गा पंडालों में दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं। मंदिरों में रात्रि के समय देवी भक्ति के रूप में जसगीत एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है एवं मंदिरों में अष्टमी की तैयारियां की जा रही है।

नवरात्र शुरू होते ही नगर के प्रमुख मंदिरों में ज्योति कलश की स्थापना की गई है और प्रतिदिन देवी का श्रृंगार किया जा रहा है। दाऊपारा स्थित बड़की महामाया मंदिर में तेल के 218 कलश, घी के 40 तथा जंवारा के 107 सहित कुल 365 कलश स्थापित किए गए हैं। वहीं सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में कुल 596 कलश स्थापित किए गए हैं, जिनमें से घी के 95 कलश एवं तेल के 501 कलश हैं। इसी तरह से खर्रीपारा स्थित कालीमाई मंदिर में कुल 165 कलश की स्थापना और पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई



मंदिर में कुल 1242 कलश स्थापना की गई है, जिनमें से घी के 79, तेल के 1082 और फुलवारी 76 है। मल्हापारा स्थित महामाया मंदिर में कुल 48 कलश स्थापित किए गए हैं। नगर में लगभग 50 दुर्गा पंडाल बनाए गए हैं, जिन्हे देखने के लिए शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से लोगों की भीड़ उमड़ रही है। साथ ही नगर में हो रहे गरबों के चलते देर रात तक चहल-पहल नजर आ रही है। नगर के सबसे प्राचीनतम सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में भक्ति की बयार बह रही है, एवं यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताता लगा रहता है। मंदिर में श्रीमदभागवत गीता का पाठ खेढ़ा के पंडित रामकुमार द्वारा किया जा रहा है।

## ब्रह्माकुमारीज ने सजाई भव्य चैतन्य झांकी

**तखतपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सुख शांति भवन की ओर से संगम नगर तखतपुर में चैतन्य झांकी सजाई गई, जिसका शुभारंभ विधायक धर्मजीत सिंह ने किया। झांकी का अवलोकन करने के पश्चात विधायक ने कहा कि, चैतन्य देवियों की झांकी बहुत ही दर्शनीय एवं जीवंत है, जो कि राजयोग से ही संभव है। यहां पर देवियों को अत्यंत आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, यह नगर वासियों के लिए गौरव की बात है कि, इतना सुंदर आयोजन यहां किया गया है। सेवा केंद्र प्रभारी ममता दीदी ने कहा कि, यह झांकी हर वर्ष लगाई

■ इतना सुंदर आयोजन नगरवासियों के लिए गौरव की बात: धर्मजीत



जाती है, चैतन्य होने के कारण जनता इसको खूब पसंद करती है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि का अर्थ केवल बाहरी पूजा ही नहीं, बल्कि आत्म शक्ति जागृत करने का अवसर भी है। झांकी में रूप में ब्रह्माकुमारी भुवनेश्वरी, चंचल, कृति, आयुषी, वैशाली, मानसी आदि ने देवी का रूप धारण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संतोष कौशिक, घनश्याम जांगड़े, अमित मंदानी, किसन सचदेव, नैन लाल साहू, अंकित अग्रवाल, गरीबा यादव, राजाराम कश्यप, राम गोपाल अग्रवाल, रामकुमार सैनी , संध्या कश्यप, विमला जांगड़े कुमुदिनी धीवर, प्रमोद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सप्तमी को हुई मां के कालरात्रि रूप की पूजा



**मल्हार।** शारदीय क्वांर नवरात्र के सप्तमी तिथि पर सोमवार को कालरात्रि के रूप में मां डिडनेश्वरी देवी की आराधना हुई। सुबह विशेष श्रृंगार के बाद 108 नींबुओं की माला माता को अर्पित की गई। वहीं शाम की मंगल आरती से पहले भी वैदिक मंत्रों के साथ पूजा हुई। सुबह से देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रही, 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओ ने मां के दर्शन किए। लोगों की भारी संख्या होने की वजह से मुख्य मार्गों पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। इस नवरात्र मंदिर में सर्वाधिक ज्योति कलश की जलाए गए हैं। ट्रस्ट के अनुसार इस बार 4 हजार से ज्यादा मनोकामना के दीप जल रहे हैं। गर्भगृह के कलेवर व साज सज्जा भी श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है, लोग मां के दिव्य व भव्य स्वरूप का दर्शन कर मनवांछित फल की कामना कर रहे हैं। शाम की मंगल आरती में भी एक हजार से ज्यादा भक्त शामिल हुए। साथ ही सैकड़ों भक्त मनवांछित फल की कामना के लिए लोट मारते व जमीन नापते मंदिर पहुंचे माता का दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

## जसजीतों की शानदार प्रस्तुति पर झूमे लोग



**मोपका।** जय मां वैष्णवी दुर्गा उत्सव समिति की ओर से दुर्गा उत्सव धूम-धाम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात दुर्गा पंडाल में जसजीत का आयोजन किया गया, जिस पर दर्शक झूमते नजर आए। प्रतियोगिता में सूरज बार साहू जसजीत दल व आदर्श महिला जस गान मोपका व मुन्ना चौहान पार्टी ने जसगीतों की शानदार प्रस्तुति देते हुए दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। तीनों उत्कृष्ट जसगीत दलों को स्मृति चिन्ह व नकद राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश देवांगन एवं प्रमोद ने किया। आभार प्रदर्शन क्रांति जटवार व श्याम सुंदर चंद्रा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में जय मां वैष्णवी महिला समिति की ललिता देवांगन, रश्मि वस्त्रकार, निशा मिश्रा सहित सदस्यों का सराहनीय योगदान एवं एसएस सूर्यवंशी जैसे वरिष्ठ सदस्यों का मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम में जेएल कुर्रे, भगत सिंह, मुकुंद साहू, सचिन कश्यप, सूर्या सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नवरात्रि पर चैतन्य झांकियों से मोहित हुए श्रद्धालु

**पेंड्रा।** जीपीएम जिले में नवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सजाई गई चैतन्य देवियों की झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। पेंड्रा की पुरानी बस्ती दुर्गा पंडाल में 26, 27 और 28 सितंबर की रात 7 बजे से 11 बजे तक आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहनें जीवंत देवियों के रूप में विराजमान रहीं। कार्यक्रम के दौरान जीपीएम के विधायक प्रणव मरपच्ची ने झांकी का अवलोकन कर आरती की। उन्होंने कहा कि, नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर ब्रह्माकुमारी बहनों की ओर से प्रस्तुत यह जीवंत झांकी हमें जीवन में एकाग्रता और परमात्मा की याद को अपनाने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बहनों की एकाग्रता और बिना पलक झपकाए स्थिर बैठने की साधना की सराहना करते हुए कहा कि, यह सभी के लिए अनुकरणीय है। पहले दिन जीपीएम की जिला अध्यक्ष समीरा पैकरा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और झांकी को देखकर शांति और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति



साझा की। ब्रह्माकुमारी बहनों ने संदेश दिया कि केवल 'जय मां' कहने से वास्तविक सुख और शांति प्राप्त नहीं होती, बल्कि हमें मां दुर्गा के दिव्य गुण एकाग्रता, सहनशीलता, सहानुभूति सहित अष्ट शक्तियों को जीवन में धारण करना चाहिए, तभी हर घर स्वर्ग बन सकता है। इस अवसर पर सत्यनारायण पांडे, बिलासपुर से बीके विनोद भाई सहित बड़ी संख्या में नगरवासी और आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी में सामूहिक पौधरोपण

**सीपत।** एनटीपीसी सीपत में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन उज्जवल नगर टाउनशिप परिसर में किया गया। एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पांडेय ने पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उनके साथ एसके मंडल मुख्य महाप्रबंधक प्रोजेक्ट, एस सिन्हा महाप्रबंधक, प्रचालन एवं अनुरक्षण तथा संगवारी महिला समिति की अध्यक्षा साधना पांडेय उपस्थित रहीं।

महिला समिति की वरिष्ठ सदस्याओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और सामुदायिक सहयोग तथा पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर श्री पाण्डेय ने कहा कि, वृक्षारोपण केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भविष्य की जिम्मेदारी है। यह पहल एनटीपीसी सीपत की सतत विकास, हरित प्रथाओं और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस कार्यक्रम ने एनटीपीसी सीपत की सतत विकास, हरित प्रथाओं और स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण की सामूहिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ किया है।




पौधरोण करते एनटीपीसी के अधिकारी।

## धरमलाल ने किया 12 करोड़ की सड़क का भूमिपूजन

**बिल्हा।** पूर्व विस अध्यक्ष एवं वर्तमान बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने विधानसभा क्षेत्र में 12 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़कों का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत 1007.57 लाख की लागत से 3.8 किमी लंबे हिर्री-बिल्हा मार्ग एवं 284.43 लाख की लागत से 2.5 किमी लंबे दगोरी-मोहतरा मार्ग का निर्माण किया जाएगा।

इस मौके पर श्री कौशिक ने कि, यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूत करेगा और आमजन के आवागमन को सुगम बना कर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बिल्हा और आसपास के क्षेत्र के लोग इससे सीधे लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि, क्षेत्र में जनभावनाओं के अनुरूप बिल्हा में विकास करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बीते ढाई सालों में बिल्हा क्षेत्र में करोड़ों का विकास होते आ रहा है। आने वाले समय में भी करोड़ों रुपए में विकास कार्य धरातल में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि, प्रदेश सरकार गांव और दोनो में जोर दे रही है। पूरे प्रदेश में पक्की सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इस अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी सहित पदाधिकारी और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## धरमलाल ने सपरिवार किया मां महामाया का दर्शन



रतनपुर। पूर्व विस अध्यक्ष व बिल्हा बिधायक धरमलाल कौशिक सहपरिवार रतनपुर पहुंचे एवं मां महामाया का दर्शन कर पूजन-अर्चना की। उन्होंने मां महामाया के चरणों में श्रद्धा अर्पित कर क्षेत्र एवं प्रदेश वासियों के समृद्धि की मंगल कामना की। श्री कौशिक मां महामाया के दर्शन के उपरांत मंदिर परिसर में विराजमान काल भैरव बाबा का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि, मां महामाया के दिव्य आशीर्वाद से आत्मिक शांति एवं ऊर्जा की अनुभूति हुई है। प्रार्थना है कि, वे समस्त जनों पर अपनी कृपा दृष्टि सदैव बनाए रखें और सभी के जीवन में सुख, शांति और मंगल की अनुभूति हो।

## थाना ग्राउंड में आयोजित गरबा महोत्सव संपन्न

**लोरमी।** मां जगजननी दुर्गोत्सव समिति की ओर से नगर के थाना ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय गरबा महोत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू थे, लेकिन अरुणाचल प्रदेश के आकस्मिक दौरे के कारण वे शामिल नहीं हो सके। हालांकि तोखन साहू ने वर्चुअली से जुड़कर लोगों को गरबा महोत्सव की शुभकामनाएं दी।

नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने गरबा महोत्सव के लिए आयोजन समिति को बधाई दी। आयोजन समिति के ओर से प्रशांत शर्मा ने स्वागत भाषण में सभी का अभिनंदन करते आयोजन में भाग लेने वाली मातृशक्ति को प्रणाम कर उनका आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन बीजेपी पार्षद सभापति विश्वास दुबे ने किया। इस दौरान सभापति रिक्की सलूजा, समाजसेवी अनिल सलूजा, प्रेस क्लब सचिव नूतन गुप्ता,अशोक साहू, घंशु राजपूत, जतिन सलूजा जगदीश सोनी, जयजय राम राजपूत, सापरिया, कृष्णा सोनी, निशांत कश्यप सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।




समापन अवसर पर अतिथि।

## महिला के साथ बदतमीजी पति के साथ मारपीट

तखतपुर। करनकापा रोड तखतपुर निवासी उषा धुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह विभिन्न कार्यक्रमों में खाना बनाने का काम करती है। उसके साथ राजकुमार यादव भी खाना बनाने का काम करता था, जिससे राजकुमार से उसका पुराना परिचय था। राजकुमार अक्सर उसे फोन कर काम के सिलसिले में बात करता था। रविवार 28 सितम्बर को राजकुमार यादव ने फोन लगाया, लेकिन फोन नहीं उठा पाई। इस बात से नाराज राजकुमार यादव उसके घर पहुंचा और मेरा फोन क्यों नहीं उठा रही हो बोलकर हंगामा करने लगा। इस बीच महिला के पति ने उसे समझाने की कोशिश की तो राजकुमार ने उसके साथ गाली-गलौज की। करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## वरिष्ठ कृषकों को किया गया सम्मानित

तखतपुर। अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बेलपान में वरिष्ठ कृषकों का सम्मान किया गया। समिति के अध्यक्ष गरीबा यादव ने कहा कि, किसान हमारे अन्नदाता हैं। आज भी हमारे प्रदेश में परंपरागत कृषि को एक पूज्यनीय कार्य माना गया है एवं कृषक इस कार्य को आस्था के साथ करते हैं। इस देश में किसान का स्थान भगवान की तरह है, जो अन्न पैदा कर देश के हर कोने तक पहुंचाता है।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रश्मि अग्रवाल पिता हरी शंकर अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा म.नं.1 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/3 रकबा 0.3840 हेक्टेयर /0.948 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/4 रकबा 0.7370 हेक्टेयर / 1.821 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/5 रकबा 0.4250 हेक्टेयर /1.05 एकड़ खसरा नंबर 70/6 रकबा 0.1820 हेक्टेयर / 0.449 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/7 रकबा 0.2430 हेक्टेयर / 0.60 एकड़ तथा सैदा म.न. 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 60/1 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/2 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/3 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/4 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 61/1 रकबा 0.632 हेक्टेयर/1.56 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/4 रकबा 0.186 हेक्टेयर / 0.46 एकड़ तथा खसरा नंबर 64/1 रकबा 0.353 हेक्टेयर / 0.87 एकड़ तथा खसरा नंबर 67/4 रकबा 0.081 हेक्टेयर /0.20 एकड़ तथा सैदा म.नं. 4 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 11/4 रकबा 0.2020 हेक्टेयर / 0.499 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/1 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/2 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 15/1 रकबा 0.0890 हेक्टेयर / 0.219 एकड़ तथा खसरा नंबर 16/1 रकबा 0.3360 हेक्टेयर /0.830 एकड़ कुल खसरों की संख्या अठारह कुल रकबा 5.000 हेक्टेयर/12.35 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अत: इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय अर्थ शासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01-10-2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

**नवीन कुमार बिसेन (अधिवक्ता)**
आनन्द अपार्टमेन्ट के सामने
साँई मंदिर के पास, 27 खोली, बिलासपुर
(छ.ग.) मो.-9893977620

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

-: सूचना :-
क्र./Q/ तह./रा.नि./सीमा./2025
सरकण्डा, दिनांक 25/09/2025

प्रति,

1. भूपेन्द्र सिंह ठाकुर पिता स्व.सुखदेव सिंह 2. नीलिमा सरकार 3. संतोष वर्मा 4. विष्णु दास 5. ममता साहू 6. शिव कुमारी मानिकपुरी 7. नीता शर्मा, लाला साहू 8. निताम सरकार 9. प्रिती मिश्रा 10. ऋषी दुबे 11. हेमचंद ठाकुर 12. देवनंद प्रसाद 13. शिवा सिन्दे 14. रंजना दुबे 15. उषा दुबे 16. शुकदेव प्रसाद 17. एन.के. वाजपेयी 18. प्रफुल शर्मा 19. दीपक जायसवाल 20. हरि प्रसाद 21. अशोक अग्रवाल 22. देवेन्द्र भण्डारी 23. सजन अग्रवाल।

विषय: सीमांकन/बटांकन /स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक /तह./ रीडर /2025 बिलासपुर, दिनांक

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/आवेदिका भूपेन्द्र सिंह पिता स्व.सुखदेव सिंह निवासी सरकण्डा द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम सरकण्डा प.ह.नं. 32, रा.नि.मं. सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 369/1, 369/2, 370, 436/7 रकबा 0.4940 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन /बटांकन /स्थल निरीक्षण हेतु न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन /बटांकन /स्थल निरीक्षण न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 06.10.2025 को समय 12.00 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी अनुपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप:-विशेष उपस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

राजस्व निरीक्षक
सरकण्डा
तहसील-बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गिरीश कुमार अग्रवाल पिता स्व. नरेंद्र कुमार अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा मन 1 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/2 रकबा 0.8700 हेक्टेयर/2.149 एकड़ तथा सैदा मन 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 61/2 रकबा 0.457 हेक्टेयर 1.13 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/1 रकबा 0.582 हेक्टेयर / 1.44 एकड़ कुल खसरो की संख्या तीन कुल रकबा 1.909 हेक्टेयर / 4.719 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अत: इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01.10.2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

**नवीन कुमार बिसेन**
**अधिवक्ता**
**आनन्द अपार्टमेंट के सामने सांई मंदिर के पास 27 खोली बिलासपुर छ.ग.**
**मो. 9893977620**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

:: ईश्तहार ::
रा.प्र.क्र. 202505250500005
अ-2/2024-25,
ग्राम मदकू प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. पटनायक विपिन प्रसाद पिता नारायण राव निवासी कासीमपारा तोरवा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम मदकू प.ह.नं. 15 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 819/2 रकबा 0.2750 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 10/10/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, मुंगेली (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

रा.प्र.क्र/202509250900006/
अ-6/2024-25
ग्राम डाकाचाका, प.ह.नं. 16
//दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस//

प्रति
1. धरम गेंदले पिता स्व. बलीराम गेंदले,
2. विक्रम गेंदले पिता स्व. बलीराम गेंदले
3. गोंदा गेंदले पिता स्व. बलीराम गेंदले सभी जाति सतनामी, निवासी ग्राम डाकाचाका, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)............अनावेदकगण/अनावेदिकागण।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक सौखीलाल गेंदले पिता स्व. बलीराम गेंदले, जाति सतनामी, निवासी ग्राम डाकाचाका, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम डाकाचाका, प.ह.नं. 16, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 133/15 रकबा 0.971 हेक्टेयर भूमि उभयपक्षकार के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि का मौका कब्जा के आधार पर खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 08/10/2025 को नियत है। अत: इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रात: 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 24/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार पथरिया,
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

### आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हिरेश कुमार मेहता आत्मज स्व. श्री जयंती लाल मेहता, जाति ब्राम्हण, निवासी मकान नं. 7/ए. तपस्या विहार सीपत रोड बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा सरकण्डा, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित परिवर्तित भूमि शीट नं. 18, भूखण्ड क्रमांक 298 में से, खसरा नंबर 969/7 में से रकबा 2709 वर्गफीट /251, 765 वर्ग मीटर, जिसके उत्तर में निस्तारी रास्ता, दक्षिण में श्री पाण्डेय जी व श्री मिश्रा जी की भूमि, पूर्व में रितु गुप्ता का मकान एवं पश्चिम में श्री त्रिलोक शर्मा का मकान है, को क्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार श्री अंकित अग्रवाल आत्मज श्री गजानंद अग्रवाल, निवासी कश्यप कालोनी गली नं.5, बिलासपुर, प्रोपाइटर मे. सुधा सेल्स, मेन रोड सरकंडा, बिलासपुर द्वारा किया जाकर शीघ्र ही उपरोक्त वर्णित संपत्ति का पंजीकृत बिक्रीपत्र निष्पादित कराने वाला है। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय (शासकीय, अर्धशासकीय) बैंक आदि को आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के साथ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे उपरोक्त पक्षकार उक्त संपत्ति का पंजीकृत बिक्रीपत्र अपने पक्ष में निष्पादित कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

कृपया सूचना जानें।
दिनांक: 29.09.2025

रामशरण देवांगन
अधिवक्ता
नगर निगम कालोनी, महाराणा प्रताप चौक,
व्यापार विहार रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 98271-50752

### कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनान्तर्गत, मंगला बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी-74 आबंटी श्री शशिकांत सोनकर पिता श्री कल्लू राम सोनकर, को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 25.03.2026 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 18.08.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती संध्या खूटे पति श्री नर्मदा प्रसाद खुटे, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है, अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल द्वारा नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

### कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजना अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवनों में भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-12 मूल आबंटी श्रीमती श्रीमती रेन्जू निर्मलकर पति स्व. श्री पवन कुमार निर्मलकर, को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 21.10.2022 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को प्रथम क्रेता श्रीमती मनीषा सिंग किशोर, पति श्री राविन्द्र लाल किशोर को विक्रय करना चाहती है। विकय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत की गई है ।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय/अर्द्ध शासकीय/संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255





नवीन दुर्गा उत्सव समिति तेलीपारा।


मां दुर्गा उत्सव समिति रपटा चौक चांटीडीह।


बंधु मंडल दुर्गा उत्सव गोड़पारा।


नलिनी प्रभा कालेज अशोकनगर में विराजी माताजी वीरजी।


जगत जननी दुर्गा उत्सव सिम्स चौक।


गोवर्धन परिवार में विराजी मां दुर्गा।


श्री शिव शक्ति दुर्गा उत्सव लक्ष्मी चौक।


जय मां काली दुर्गा पचरीघाट।


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव किला वार्ड।


नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति चांटीडीह।

# मां की भक्ति में डूबा शहर, सड़कों पर उमड़ा जन सैलाब

**शहर में ट्रैफिक जाम**

**संस्कारधानी बिलासपुर में दुर्गा उत्सव की धूम पूरे रंग में हैं। नवरात्रि के छठवें दिन जगह-जगह दुर्गा प्रतिमा स्थापित होने के उपरांत दूसरे दिन सोमवार को सप्तमी पर शाम को दर्शन के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों की भीड़ के कारण मुख्य चौक-चौराहों के साथ सड़कों में पैर रखने की जगह नहीं मिली। वहीं लोग भी घंटों जाम में फंसे रहे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि के छठवें दिन रविवार की शाम से शहर में जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होने के साथ आकर्षण लाइटिंग और पंडाल की सजावट हो चुकी थी। सोमवार को सप्तमी के दिन शाम 6 बजे से ही शहर के साथ आसपास ग्रामीण क्षेत्र से भी मां दुर्गा की प्रतिमा के अलावा झांकियां देखने के लिए लोगों की भीड़ निकल पड़ी। इस दौरान ज्यादातर लोग चार पहिया, दो पहिया वाहनों से शहर में निकले थे। वहीं आटो में भी लोगों की भीड़ दिखाई दी। सभी ओर सतरंगी रौशनी, भव्य पंडाल और मां दुर्गा की अदभुत प्रतिमाएं एक अलौकिक दृश्य रच रही थी।

श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ मध्यनगरीय चौक, मसानगंज, तेलीपारा और शिव टाकीज के सामने दिखाई दी। यहां भीड़ के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जिसके चलते पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।


सप्तमी पर मध्यनगरी के दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन के लिए भक्तों का उमड़ा जनसैलाब।



## मध्यनगरीय चौक पर भीड़

मध्यनगरीय में नाले पर बने सड़क के अलावा मसानगंज की ओर जाने वाली सड़क के साथ ईदगाह चौक में गाड़ियों की कतार लगी रही, जिसकी वजह से लोगों को मां दुर्गा का दर्शन करने के लिए पैदल ही चलना पड़ा। इसी तरह की स्थिति तेलीपारा में निर्मित हुई। नंदू गैरेज से लेकर काली मंदिर तक चार स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने के साथ बीच सड़क में पंडाल बना दिया गया है, जिसकी वजह से आईसीआईसीआई बैंग के सामने की सड़क बंद हो गई है। एक सड़क पर लोगों के आने-जाने की वजह से भीड़ को संभालना मुश्किल हो गया है। वहीं पुलिस ग्राउंड से लेकर इमलीपारा जाने वाली सड़क में गाड़ियों की दोनों ओर से कतार के कारण घंटों फंसे रहने की स्थिति निर्मित हो गई।

## रेलवे क्षेत्र में जाम

मध्यनगरीय, मसानगंज, तेलीपारा के बाद सबसे अधिक जाम की स्थिति शिव टॉकीज के सामने स्थापित की गई मां दुर्गा के पंडाल में दिखाई दी। गांधी चौक से लेकर शिव टाकीज चौक के बीच आने-जाने वालों की लंबी कतार के कारण घंटो लोगों को इंतजार करना पड़ा। इसी तरह की स्थिति तारबहार चौक से कंस्ट्रक्शन कालोनी के बीच हुई। सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की पार्किंग के कारण लोगों को वहां से पार होने के लिए दूसरा रास्ता देखना पड़ा। वहीं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रामलीला मैदान के सामने बंगाली स्कूल में स्थापित की गई प्रतिमा को देखने के लिए उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तितली चौक और तोरवा थाना के सामने बेरियर लगा दिया गया, जहां से गाड़ियों को आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई।

# सप्तमी पर लाखों श्रद्धालुओं ने की रतनपुर तक पदयात्रा

**नवरात्रि की सप्तमी के दिन देवी की मां कालरात्रि के रूप में पूजा की गई। इस रूप में माता अपने भक्तों को समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। वहीं काली मंदिर सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में देवी दर्शन करने श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। दर्शन, पूजन का यह क्रम देर रात तक चलता रहा। लोग रतनपुर की पदयात्रा भी की। महामाया का दर्शन करने लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा।**



सप्तमी पदयात्रा किसी विशेष दिन मंदिर जाने या किसी धार्मिक उद्देश्य से पैदल चलने को संदर्भित करता है। इसमें नवरात्रि महासप्तमी पर की जाने वाली पदयात्रा शामिल है। लोगों ने आस्था आधारित यह पदयात्रा रतनपुर महामाया के लिए की। जहां पहुंच कर भक्तों ने देवी महामाया के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। नवरात्रि की सप्तमी पर सोमवार की रात समूचा शहर महामाया दर्शन के लिए सड़कों पर उमड़ पड़ा। शाम ढलने के बाद से ही पदयात्रियों का दल रतनपुर के लिए निकल पड़ा था। मन्नत-मुरादें लिए हजारों लोग खाली पांव चलकर महामाया के दरबार पहुंचे और उनके चरणों में मत्था टेका। यही वजह है कि आधी रात तक बिलासपुर-रतनपुर सड़क पर पदयात्रियों का हुजूम नजर आ रहा था। अलग-अलग जत्था बनाकर महामाया का दर्शन करने जाने वालों में बच्चों, युवाओं के साथ ही महिलाएं भी शामिल रहीं। सभी महामाया देवी की जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इन पदयात्रियों की कतार मंगलवार की सुबह तक बनी रही।




## भोग वितरण किया गया

आदि शक्ति सेवा समिति द्वारा नवरात्रि के अवसर पर पदयात्रा कर मां महामाया के दर्शन करने जाते भक्तजनों को भोग वितरण किया गया। इसमें प्रमुख रूप से अनिल टाह एवं द लीजेंड क्लब के सदस्य सिद्धार्थ मेहता, शुभ मेहता, ओम पांडे, आशुतोष पांडे, शुभम चंद्रा, संकेत कौशिक, राहुल कौशिक, अभिषेक पांडे, उज्जवल शर्मा, ऋषभ सोनी, मनीष वस्त्रकर, अनिल जयसिंघानी सहित अन्य के द्वारा भोग का वितरण किया गया।

## मंदिरों में देवी की मां कालरात्रि के रूप में पूजा



**ओजस्वी रूप में होती है देवी :** माना जाता है कि नवरात्रि में सप्तमी की रात में देवी शक्तिशाली व ओजस्वी रूप में होती हैं, इसलिए इस तिथि पर रात में देवी दर्शन का विशेष महत्व माना जाता है। इसी महत्ता के चलते लोग सप्तमी पर महामाया दर्शन के लिए शाम 6 बजे के बाद से ही रतनपुर रवाना होने लगे थे। जैसे-जैसे रात गहराते गया, सड़क पर दर्शनार्थियों का रेला नजर आने लगा।

**देवी दर्शन करने की दिखी ललक :** बिलासपुर के अलावा तिफरा, राजकिशोर नगर, सकरी व आसपास के गांवों से लोग रतनपुर जाने के लिए आने लगे थे। कोटा, बेलगहना व पाली क्षेत्र के गांवों से भी हजारों दर्शनार्थी रतनपुर पहुंचे। सभी लोगों में महामाया का दर्शन करने की ललक साफ दिख रही थी। उन्हें देख कर लग रहा था कि उन्हें पैदल चलने की थकान ही महसूस नहीं हो रही है। कुछ लोगों ने मन्नत मांगने या मुरादें पूरी होने पर संकल्प कर रतनपुर की पदयात्रा की। अधिकांश ऐसे लोग भी थे, जो हर साल सप्तमी पर पैदल रतनपुर जाते हैं।

**कार्नर न्यूज**



## रामा लाइफ बस्ती में पथसंचलन

**बिलासपुर।** सह रामा लाईफ बस्ती में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन निकाला गया। इसमें दो सौ से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इनमें व्यापारी व शिक्षा संस्थानों के संस्थापक, स्वयंसेवक व नागरिक शामिल रहे। यह पथ संचलन संघ के शताब्दी वर्ष की सौ वर्षीय यात्रा की प्रतीक रही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुनील चौहान थे। अध्यक्षता पीएन खत्री ने की। इन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यो द्वारा समाज को और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया। मुख्य वक्ता ने सामाजिक समरसता, नागरिक कर्त्तव्य बोध, स्वदेशी पर जोर, पर्यावरण सुरक्षा आदि विषयों पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि बाल स्वयंसेवकों ने भी 4 से 9 किलोमीटर पथ संचलन किया।

## स्वयंसेवकों ने किया आसन, व्यायाम






राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने संघ शताब्दी वर्ष में प्रत्येक बस्ती में पथ संचलन किया। सोमवार को विजया दशमी उत्सव का प्रथम कार्यक्रम तिलकनगर में संपन्न हुआ। इसमें अनंत तिलक शाखा के मुख्य शिक्षक के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवकों ने दंड, समता, आसन, घोष व व्यायाम योग का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सर्वप्रथम तिलक शाखा सार्वजनिक हनुमान व्यायाम शाला प्रांगण से संचलन प्रारंभ किया गया जो कि तिलक नगर मुख्य मार्ग से होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर प्रताप चौक के पास समाप्त हुआ। इसके बाद शिशु मंदिर में प्रकट कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में शस्त्र पूजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जीवन भागदीकर आयुर्वेद चिकित्सक एवं मुख्य वक्ता विश्वास जलताड़े प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख रहे। इन्होंने संघ की स्थापना व संघ के स्वयंसेवकों के निःस्वार्थ कार्य पर प्रकाश डाला। साथ ही आने वाले वर्ष में होने वाले विजया दशमी, हिन्दू सम्मलेन, प्रबुद्ध जनगोष्ठी, युवा सम्मलेन की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन नीलेश रजक शाखा कार्यवाह ने किया। अंत में प्रार्थना कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर सौरभ वर्तक, दिग्विजय सिंह, कौस्तुभ वर्तक, पंकज श्रीवास्तव, अनिरुद्ध मिश्रा, अखिलेश रजक, शशिकांत, अमित, ओमकार सहित तिलक नगर बस्ती की मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### सीपत एनटीपीसी में ठेका कर्मचारी की मौत

**बिलासपुर।** सीपत एनटीपीसी में ईएमडी एजेंसी के साथ टीपी 5 अंकर फ्लोर पर काम करने जा रहे एक ठेका कर्मचारी की मौत हो गई। एनटीपीसी सीपत अस्पताल में सीपीआर देने के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। एनटीपीसी के जनसंपर्क अधिकारी प्रवीण रंजन भारती के अनुसार ईएमडी एजेंसी-पीके त्रिपाठी के साथ काम करने वाले एक ठेका कर्मचारी अमृत लाल साहू, उम्र-46, ग्राम-कुली तीन अन्य कर्मचारियों के साथ टीपी-5 (बंकर फ्लोर) पर काम पर जा रहा था। उनके साथ चल रहे सहकर्मियों के बयान के अनुसार अचानक अमृत लाल साहू का शरीर कांपने लगा और वह ज़मीन पर गिर पड़ा। उसे एनटीपीसी सीपत अस्पताल लाया गया और सीपीआर दिया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। इस घटना में कार्डियक अरेस्ट का संदेह है। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को जानकारी दी जा चुकी है। दिवंगत के परिवार को इसकी सूचना दी जा चुकी है। सीपत प्रबंधन दिवंगत के आश्रितों को नियमानुसार मुआवजा व अन्य सुविधाएं प्रदान करने प्रतिबद्ध है।

### एक ही दिन में 2 डिग्री बढ़ा तापमान

**बिलासपुर।** हर साल नवरात्र के दिनों में रात होते ही सर्द हवाओं का एहसास होने लगता है, लेकिन इस इस साल नवरात्र के 9 दिन बीतने को है लेकिन सर्दी का अतापता नहीं है। वहीं बारिश भी रह-रह का हो रही है। सोमवार को दिन का तापमान अचानक बढ़ गया, हफ्ते भर बाद सामान्य तापमान में बढ़ोत्तरी हुई और पारा 32.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार दीपावली के आसपास ही सर्द हवाओं की दस्तक हो सकेगी, फिलहाल मौसम में उतार चढ़ाव जारी है और अगले 2-3 दिन में एक बार फिर बारिश होने की आशंका बनी हुई है हालांकि मानसूनी हवाएं लौट रही है। ऐसे में मौसम में अचानक बदलाव होने लगता है, जहां सुबह आसमान पूरी तरह से साफ होता है और तेज धूप निकलती है, वहीं शाम होते-होते बादल मंडराने लगते है। सोमवार को भी इसी तरह का मौसम देखा गया, हालांकि कहीं भी बारिश नहीं हो सकी है। इस दौरान तापमान बढ़कर 32.1 डिग्री पर जा पहुंचा, सूरज की मौजूदगी के चलते लोगों को उमस का सामना करना पड़ा।

### कालेजों में फर्स्ट सेमेस्टर इंटर्नल एग्जाम चालू

**बिलासपुर।** कालेजों में एडमिशन प्रक्रिया समाप्त हो चुका है और फर्स्ट सेमेस्टर में जो स्टूडेंटस एडमिशन लिए हैं उनका पहला इंटर्नल एग्जाम चालू हो गया है। एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार सितंबर माह में फर्स्ट इंटर्नल एग्जाम आयोजित करना है और बार-बार प्रवेश तिथि नहीं बढ़ने के कारण समय पर इंटर्नल एग्जाम हो रहा है। इस सत्र कालेजों में इंटर्नल एग्जाम समय पर हो रहा है। पिछले साल कालेजों में प्रवेश की तिथि तीन बार बढ़ाई गई थी और 30 सितंबर तक कालेजों में एडमिशन प्रक्रिया चलती रही। इसलिए कालेजों में विलंब तक एडमिशन प्रक्रिया चलने के कारण इंटर्नल एग्जाम का शेडयूल प्रभावित हुआ था और उच्च शिक्षा विभाग को संशोधित एकेडमिक कैलेंडर जारी करना पड़ा था। इस बार उच्च शिक्षा विभाग ने केवल एक बार प्रवेश तिथि आगे बढ़ाया था और 25 अगस्त को प्रवेश की अंतिम तिथि थी। प्रवेश प्रक्रिया समाप्ति के बाद एनईपी तहत फर्स्ट सेमेस्टर की क्लासेस लगनी शुरू हो गई थी। इसलिए इस बार समय पर इंटर्नल एग्जाम कालेजों में चालू हो गया है।

**बिलासपुर विधानसभा का मामला** — 2003 में 1.65 लाख थी मतदाता संख्या, अब 2.59 हुई, हिसाब मिला केवल 1.65 का

# 20 साल में 94 हजार नए मतदाता बने, अब सारे हो गए 'लापता'

**बिलासपुर।** वर्ष 2003 की मतदाता सूची के अनुसार बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 1 लाख 65 हजार थी। यह संख्या विधानसभा चुनाव 2023 तक बढ़कर 2 लाख 59 हजार हो गई।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान राजस्व विभाग द्वारा 1.65 लाख मतदाताओं का मिलान तो आसानी से कर लिया गया, लेकिन बढ़े हुए 94 हजार मतदाता कौन हैं? इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। इसके लिए राजस्व विभाग को विधानसभा क्षेत्र में स्थित एक-एक घर का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। राजस्व विभाग के लिए बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में पिछले बीस वर्षों में बनाए गए 94 हजार मतदाता सिरदर्द साबित हो रहे हैं। पुनरीक्षण कार्य के दौरान राजस्व अमले ने वर्ष 2003 की स्थिति में मतदाता रहे 1 लाख



65 हजार लोगों का मिलान तो कर लिया है, लेकिन नए मतदाता बने 94 हजार लोगों की पहचान नहीं हो पा रही है। विभाग का कहना है कि इन बीस वर्षों में न जाने कितने नौकरी-पेशा लोग यहां से स्थानांतरित हुए हैं। मतदान केंद्र क्रमांक बदल गए, मतदाता क्रमांक बदल गए, हजारों की संख्या में ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने अपने नाम के आगे अपना सरनेम लगाया ही नहीं है।

ऐसी स्थिति में कम अवधि में आफिस में बैठकर उनका पता लगा पाना संभव नहीं है। इसके लिए प्रत्येक घर का दरवाजा खटखटाना ही पड़ेगा, तभी सारी जानकारी स्पष्ट हो सकेगी। राजस्व विभाग यह भी मान रहा है कि अपने मूल काम के अलावा अमले को एग्रीस्टेक पंजीयन और गिरिदावरी जैसे कार्यों में भी संलग्न किया गया है। ऐसे में एक-एक घर जाकर मतदाताओं का परीक्षण व मिलान करना फिलहाल संभव ही नहीं है।

### एसडीएम बिलासपुर को नोटिस

जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चालू है। इसके अंतर्गत बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-30 में आज की स्थिति में 53 22 प्रतिशत मतदाताओं का मिलान एवं 36 प्रतिशत मतदाताओं की गूगल एंट्री की जा सकी है। दोनों ही कार्यों की धीमी प्रगति को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एसडीएम बिलासपुर मनीष साहू को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

### एक एक घर जाना होगा

बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में बीस वर्षों में जो 94 हजार नए मतदाता बने हैं, फिलहाल उनकी पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन शहर में जितने भी वोटर बढ़े हैं, वे कोई बाहरी नहीं हैं। शहर में ही निवासरत परिवारों के बढ़ने से मतदाताओं की संख्या भी बढ़ती गई है। इसके मिलान के लिए एक-एक घर जाना होगा। यह कार्य जल्दीबाजी में संपन्न हो जाने वाला नहीं है।

-मनीष साहू
एसडीएम बिलासपुर

---

हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल, पुलिस ने वाहन किया जब्त

# तेज रफ्तार सिटी बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल सिम्स में भर्ती



सिटी बस की चपेट में आया दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

**शेफर्ड स्कूल के पास हुई दुर्घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तेज रफ्तार सिटी बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बस जब्त कर लिया है।



घायल

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रतनपुर पोंड़ी निवासी योगेश कश्यप पिता जवाहरलाल कश्यप 24 साल सोमवार की सुबह 7 बजे बाइक से नेहरू चौक होते हुए उसलापुर की ओर जा रहे थे। शेफर्ड स्कूल के पास सामने से आ रहे सिटी बस के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी, जिससे योगेश उछलकर बस के शीशा में टकरा गया। बस की रफ्तार तेज होने से बस का शीशा टूटकर चकनाचूर हो गया और योगेंश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

सूचना पर सिविल लाइन थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है। वहीं सिटी बस को जब्त कर पुलिस लाइन में खड़ा करा दिया गया है।

### कार सवार युवक ने ग्रामीण को मारी टक्कर, फिर की मारपीट

नशे में धुत कार सवार ने पैदल जा रहे ग्रामीण को टक्कर मार दी, उसके बाद कार सवार युवकों ने ग्रामीण व उसके दो बेटो के साथ मारपीट कर सिर फोड़ दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।





तोरवा पुलिस के अनुसार, कोटा मझगांव निवासी नरेन्द्र पात्रे पिता सावल पात्रे अपने दो बेटों के साथ ट्रेन से शहर आए और काम करने के लिए पैदल हेमूनगर जा रहे थे। बंधवा तालाब के पास नशे में धुत कार चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए नरेन्द्र पात्रे को टक्कर मार दी। उन्होंने देखकर गाड़ी चलाने कहा तो कार में सवार युवकों ने नरेन्द्र व उसके बेटों के साथ मारपीट करते हुए पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने नरेन्द्र पात्रे की रिपोर्ट पर हमलावर गोविंद रजक, असीम शाहर व अन्य युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125, 296, 351, 2, 115, 2,3, 5, व शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। वहीं कार सवार हेमूनगर निवासी गोविंद रजक ने नरेन्द्र पात्रे, उनके बेटा खिलेश पात्रे, धनराज पात्रे पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बाइक सवार को बचाने कार ने आटो को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** कार के ड्राइवर के बाइक सवार को बचाने के फेर में आटो को टक्कर मार दी। इससे आटो सड़क से उतरकर खेत में घुस गया। हादसे में आटो सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सकरी टीआई प्रदीप आर्य ने बताया कि सोमवार की दोपहर कार क्रमांक सीजी 10 बीजेड 2755 कार के ड्राइवर ने भरनी परसदा के पास बाइक सवार को बचाने के फेर में आटो में टक्कर मार दी। इससे आटो सड़क से उतरकर खेत में चला गया। हादसे में बेलगहना क्षेत्र के रामखिलावन और मेलना बाई गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





**25 सीटों के लिए 105 उम्मीदवार मैदान में**

# छह साल बाद स्टेट बार काउंसिल का चुनाव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टेट बार काउंसिल का चुनाव करीब 6 साल बाद 30 सितंबर मंगलवार को होगा। राज्यभर के 23 सकार अधिक पंजीकृत अधिवक्ता इसमें वोटिंग करेंगे। काउंसिल की 25 सीटों के लिए 105 उम्मीदवार मैदान में हैं। हर मतदाता को 5 वरीयता देना अनिवार्य होगा। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने चुनाव में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए एक सुपरवाइजरी कमेटी बनाई है। रिटायर्ड जस्टिस चंद्रभूषण बाजपेयी को इसका जिम्मा दिया गया है। सभी जिला एवं सत्र न्यायालयों और सिविल अदालतों में इसके लिए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों में जिला जज की देखरेख में होगा। बिलासपुर और रायपुर में लगभग 5-5 हजार, दुर्ग में 3 हजार और राजनांदगांव में 2 हजार अधिवक्ता मतदान करेंगे।

गौरतलब है कि स्टेट बार काउंसिल के चुनाव पिछले 6 साल से नहीं कराने पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने सख्त नाराजगी जताते हुए काउंसिल के सचिव से शपथ पत्र मांगा था। अब स्टेट बार काउंसिल के 25 पदों के लिए 6 साल बाद हो रहे इस चुनाव को लेकर काफी गहमागहमी है। ध्यान रहे कि वर्ष 2019 में तत्कालीन स्टेट बार काउंसिल भंग हो गई थी, जिसके बाद से एक अंतरिम समिति परिषद का संचालन कर रही थी। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने इस बार के चुनाव नियमों में कुछ बदलाव किया है। हर मतदाता को कम से कम पांच उम्मीदवारों को वरीयता क्रम में बोट देना अनिवार्य होगा। प्रारंभिक मतदाता सूची में 19,228 वकीलों के नाम हैं। इस सूची में नए वकीलों के भी नाम जुड़ेंगे। इस तरह करीब 23 हजार वकील काउंसिल के 25 सदस्यों का चुनाव करेंगे। इन 25 सदस्यों में से एक बार काउंसिल ऑफ इंडिया का प्रतिनिधित्व करेगा। ये 25 सदस्य मिलकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष व बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य का चुनाव करेंगे। बाकी सदस्यों को नए वकीलों का रजिस्ट्रेशन करने वाली इनरोलमेंट कमेटी, रूल मैकिंग कमेटी, वेलफेयर कमेटी, एक्जीक्यूटिव कमेटी समेत लगभग 8 कमेटियों में एडजस्ट किया जाएगा। काउंसिल का कार्यकाल पांच साल का होता है। इसके बावजूद ढाई साल में काउंसिल के मेंबर चाहें तो पदाधिकारी बदल सकते हैं या यथावत रख सकते हैं। राज्य बनने के बाद से चौथी बार चुनाव हो रहा है। इसके पहले एक मतपत्र में ही सभी उम्मीदवारों के नाम होंगे, चाहे उनकी संख्या कितनी भी हो। मतदाताओं को उनके नाम के आगे रेटिंग देनी होगी। यानी किस उम्मीदवार को वे 1 से 25 तक कौन से नंबर पर रख रहे हैं। अधिकतम रेटिंग वाले ही काउंसिल के मेंबर चुने जाएंगे। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ बनने के बाद काउंसिल का पहला चुनाव 2001-02 में हुआ। इसके बाद 2007 और 2014 में चुनाव हुए।

### यहां बनाए गए हैं मतदान केन्द्र

30 सितंबर को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होंगे। इसके लिए प्रदेश के सभी जिला एवं सत्र न्यायालयों और सिविल अदालतों में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। हर केंद्र पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश या न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारी होंगे। बिलासपुर की बात करें तो जिला कोर्ट परिसर में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के मतदाताओं के लिए अलग से मतदान केंद्र बनाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक मतदान समाप्त होने के बाद सभी मतपेटियां कड़ी सुरक्षा के बीच स्टेट बार काउंसिल के स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी। मतों की गणना निर्धारित तारीख पर होगी।

### प्रदेश भर के वकीलों में खासा उत्साह

स्टेट काउंसिल के चुनाव को लेकर प्रदेश भर के वकीलों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। चुनाव का कार्यक्रम तय होने के बाद से उम्मीदवार वकील मतदाताओं के घर-घर जाकर प्रथम वरीयता का वोट देने की अपील कर रहे हैं। इसके अलावा कोर्ट परिसर में वकीलों से मिलकर मतदान की अपील की जा रही है। कई वकील सोशल मीडिया के जरिए अपने प्रचार में जुटे हुए हैं।

# सिम्स में बांड में डाक्टरों की पोस्टिंग मरीजों को मिलेगा बेहतर इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में डाक्टरों की कमी बनी हुई है। पिछले एक साल के भीतर 22 डाक्टरों का सिम्स से मोह भंग हो चुका है। जिसके बाद से सिम्स प्रबंधन ने शासन से डाक्टरों की मांग की थी। हाल ही में शासन ने सिम्स के लिए 11 डाक्टरों की पोस्टिंग की है, इसमें से 7 डाक्टरों ने सिम्स में ज्वाइनिंग भी दे दी है।

▪ **सिम्स में शासन से अन्य विभागों के लिए की गई है डाक्टरों की मांग**

हाल ही में एमपी और अन्य राज्यों में डाक्टरों की वेकेन्सी आने के बाद सिम्स के संविदा व बॉड डाक्टरों ने नौकरी छोड़ दी थी। मेडिकल कॉलेज में कई विभागों में महज प्रोफेसर ही काम कर रहे हैं, जबकि एसोसिएट प्रोफेसर, अस्सिटेंट प्रोफेसर और रेसीडेंट डाक्टरों की कमी है। ऐसे में मरीजों का इलाज और स्टूडेंट की पढ़ाई दोनों प्रभावित हो रही है। सिम्स प्रबंधन ने इस समस्या के लिए शासन से भर्ती करने की मांग की है, लेकिन शासन ने हाल ही में 11 बांड डाक्टरों की पोस्टिंग कर सिम्स को राहत दी है। इ

समें से 7 डाक्टरों ने सिम्स में ज्वाइनिंग दी है, और कुछ ने ओपीडी में सेवाएं भी शुरू कर दी है। जिससे सिम्स में अब लोगों इलाज में हो रही परेशानी से कुछ हद तक राहत मिल सकेगी।

### इन डाक्टरों की हुई है पोस्टिंग

- डॉ आशीष गहुरान- कम्युनिटी मेडिसीन
- डॉ डालिना नेल्सन- एनेस्थिसिया
- डॉ रविकांत राठौर- पैथोलॉजी
- डॉ सुमित कुमार- कम्युनिटी मेडिसीन
- डॉ मेलिशा शिल्पी-कम्युनिटी मेडिसीन
- डॉ रश्मि नायक-पैथोलॉजी
- डॉ नलिनी सिंह-फार्मोकोलॉजी
- डॉ सौर्या शालिनी- रेडियोलॉजी
- डॉ प्राची तिवारी- गायनिक
- डॉ कोमल सिंह- रेडियो थैरेपी
- डॉ अट्री रॉय-माइक्रोबॉयोलाजी




### सभी जगह है कमी

डॉक्टरों की कमी सभी मेडिकल कॉलेजों में है, सिम्स की स्थिति बेहतर थी, लेकिन थोड़े समय के लिए डाक्टरों की कमी हुई है। जिसे शासन ने बांड के डाक्टरों से पूर्ति की है। हमनें नियमित तौर पर डाक्टरों की भर्ती करने का प्रपोजल भी दिया है, इस दौरान अगर बांड के डाक्टर मिलते हैं तो उनकी भी ज्वाइनिंग कराई जाएगी। इससे गुणात्मक सुधार हुआ है और मरीजों को भी इसका फायदा होगा।

-डॉ रमणेश मूर्ति
डीन, सिम्स

# दुर्गा पंडाल के पीछे युवक की धारदार हथियार से हत्या

**बिलासपुर।** सरकंडा थाना क्षेत्र के मोपका भाठापारा में सोमवार देर रात दुर्गा पंडाल के पीछे बैठे युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेष सिंह ने बताया कि रात करीब 11 बजे सूचना मिली कि मोहल्ले में रहने वाले दिनेश कुमार सूर्यवंशी पर धारदार हथियार से हमला हुआ है। घायल को परिजन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को मरच्यूरी भेज दिया गया है। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक दिनेश पंडाल के पीछे बैठा था, तभी मोहल्ले का ही कमलेश सूर्यवंशी वहां पहुंचा और अचानक उसके गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दिनेश मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसमें पता चला कि दिनेश और कमलेश ने साथ बैठकर शराब पी थी। इसके बाद विवाद हुआ और कमलेश ने हमला कर दिया। हालांकि, पूछताछ में आरोपी पुलिस को गोलमोल जवाब दे रहा है। देर रात तक घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। मोहल्लेवासियों का कहना है कि आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ है। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है। इधर घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पंडाल में मौजूद लोगों ने बताया कि हमला अचानक हुआ, जिससे सभी दहशत में आ गए। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के बाद हत्या का कारण स्पष्ट होगा।



# नक्सली एनआईए कोर्ट में किया गया पेश, भेजा गया जेल

**बिलासपुर।** तीन दिन की पुलिस रिमांड समाप्त होने पर एसआईए टीम ने गिरफ्तार नक्सली को एनआईए कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

ज्ञात हो कि 23 सितंबर को एसआईए और डीडीनगर पुलिस चंगोराभाठा में दबिश देकर भैरंगढ़ डिवीजनल कमेटी के मेंबर डीवीसी जग्गू कुरसम उर्फ रमेश 28 साल व उसकी पत्नी एरिया कमेटी मेंबर कमला कुरसुम को पकड़ा था। दोनों नक्सली हैं। पिछले तीन चार से दोनों रायपुर में रह रहे थे। एसआईए की टीम ने पति पत्नी को एनआईए कोर्ट में पेश कर जग्गू कुरसम उर्फ रमेश को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड में लिया था। उसकी पत्नी को बिलासपुर जेल भेज दिया गया था।

पुलिस रिमांड समाप्त होने पर सोमवार को एसआईए टीम ने नक्सली जग्गू कुरसम उर्फ रमेश को एनआईए कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे बिलासपुर जेल भेज दिया गया है।







